हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 19 फरवरी 2026

तापमान

अधिकतम 32.5 डिग्री

न्यूनतम 15.0 डिग्री



होली के पहले चौक-चौराहों पर सजने लगी पिचकारियों की दुकान।



## समग्र शिक्षा मिशन में 24 करोड़ की गड़बड़ी, 30 हजार रुपए वाला लैपटॉप 65 हजार में खरीदा

खास खबर

- प्राचार्यों को है खरीदी का अधिकार लेकिन सीधे रायपुर और जांजगीर से हो रही सप्लाई
- इस तरह की गड़बड़ी प्रदेश के सभी जिलों में की गई, ट्रेनर भर्ती का मामला विवादों में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश के 1154 सरकारी स्कूलों को वोकेशनल कोर्स की सामग्री खरीदने के लिए समग्र शिक्षा मिशन ने 23.8 करोड़ रुपए जारी किए हैं। इसी फंड से सामान खरीदी में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। बाजार में आउडेटेड घोषित हो चुके 30 हजार रुपए वाले लैपटॉप स्कूलों में 65 हजार में भेजे गए हैं। इतना ही नहीं बाजार में 11-13 हजार रुपए में मिलने वाला कलर प्रिंटर स्कूलों को 26 हजार में और 10 हजार रुपए में मिलने वाली सीपीआर डमी 40 हजार में फर्मों ने स्कूलों में भेजा है।

खास बात है कि जिन दो फर्मों ने पूरी सप्लाई की है उसमें एक रायपुर की तो दूसरी जांजगीर जिले की हैं और दोनों का आफिस ही नहीं है।

इस बारे में मिली जानकारी के मुताबिक समग्र शिक्षा मिशन ने 23.8 करोड़ की राशि भेजी थी। इसमें प्रत्येक स्कूल को दो दो लाख रुपए मिले थे। इस राशि को खर्च करने का अधिकार स्कूल के प्राचार्यों को है लेकिन सामान खरीदी के अलावा कैसे-कैसे खर्च करना है इसको लेकर अलग से दिशा निर्देश हैं। इसमें राशि वोकेशनल ट्रेनर से मिली आवश्यकता सूची के आधार पर खर्च करनी है लेकिन स्कूलों में जिस तरह से मनमानी दरों पर बिना मांग के सामान भेजा जा रहा है उससे लगता है कि वर्तमान में खर्च का अधिकार प्राचार्यों के नियंत्रण से बाहर है।



### जांच के बाद होगी कार्रवाई

इस तरह की कोई शिकायत फिलहाल नहीं मिली है। आपके पास है तो उपलब्ध करा दीजीए। जांच के बाद कार्रवाई जरूर होगी। पूरी खरीदी स्कूलों में प्राचार्यों के माध्यम से ही हो रही है। प्राचार्यों ने किसी दुकान या कंपनी से सामान खरीदा होगा तो इसकी जानकारी नहीं है। प्राचार्य ऐसा कर सकते हैं लेकिन बाजार कीमत पर ही खरीदना होगा। सीधे दो फर्मों द्वारा सप्लाई की जानकारी नहीं है।

**- रोहित भांगे,** नोडल अधिकार, समग्र शिक्षा, वोकेशनल कोर्स

### हेल्थकेयर के सामानों में भी गड़बड़ी

भ्रष्टाचार सिर्फ आईटी के सामानों में ही नहीं बल्कि हेल्थकेयर के सामानों में भी हुआ है। 1500 रुपए के सामान को 3 से 4 हजार की दर पर स्कूलों तक पहुंचाया गया है। इन सब सामानों की सप्लाई रायपुर (काठाडीह) के यूनिक प्रेक्षागृह केन्द्र से हुई है। जानकारी के अनुसार हर स्कूल से एक से डेढ़ लाख रुपए तक की खरीदी हुई है। इस तरह की गड़बड़ी प्रदेश के सभी जिलों में की गई है। ध्यान रहे कि इसके पहले भी वोकेशनल शिक्षा में ट्रेनर भर्ती का मामला विवादों में रह चुका है।

### जरूरत नहीं उन सामानों को भी भेज दिया

कुछ स्कूल के शिक्षकों ने बताया कि स्कूलों में सामान भेजने की अभी शुरुआत ही हुई है। आउटर के जिलों में सामान पहुंचना शुरू हुआ है। सामान भेजने में किया जा रहा भ्रष्टाचार पकड़ में न आए इसलिए सामान के एमआरपी प्रिंट को स्क्रैच कर या स्याही से पोतकर भेजा गया है। ऐसा अधिकतर सामानों में हुआ है। छोटे सामान वाले पैकेट में आधा सामान ही भेजा गया है। इसके साथ ही हरिभूमि ने जब पूरे मामले में जानकारी जुटाई तो पता चला कि स्कूलों में वह सामग्री भी भेजी गईं हैं जिनकी जरूरत ही नहीं है। यही नहीं जो लैपटॉप स्कूलों में भेजा गया है इससे ज्यादा फीचर और बेहतर कॉन्फिगरेशन बाला लैपटॉप मार्केट में 65 की बजाय 30-32 हजार रुपए में मिल रहा है।

### प्रदेश के सभी जिलों में की गई सप्लाई

हरिभूमि ने जब जानकारी जुटाई तो मालूम पड़ा कि स्कूलों को मिले दो-दो लाख से अलग-अलग जिलों में सप्लाई शुरू हुई है। बड़ी बात कि पूरी सप्लाई का काम एक ही फर्म को सप्लाई का मिला है। वो भी उन जिलों का जो रायपुर, बिलासपुर से कई सौ किलोमीटर दूर हैं। सामान में भ्रष्टाचार करने के लिए दर्जनों जिलों को टारगेट किया गया है क्योंकि इन सभी जिलों में कोटेशन बांटे जा चुके हैं।

## खबर संक्षेप

### सीयू ने दो कर्मचारी भाइयों को थमाया नोटिस



**बिलासपुर।** गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी प्रशासन ने दुर्व्यवहार, अनुशासनहीनता, असंतोषजनक प्रदर्शन और आवासीय नियमों के उल्लंघन के लिए राज ब्रदर नामक कर्मचारी को तथा उसके भाई जितेन्द्र कुमार को सरकारी आवास पर अनाधिकृत कब्जा करके एचआरए का लाभ उठाकर वित्तीय गबन के मामले में कारण बताओ नोटिस जारी किया है। गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी द्वारा कामर्स डिपार्टमेंट में पदस्थ कर्मचारी राज ब्रदर को जारी नोटिस में कहा गया है कि सुरक्षा अनुभाग के रिपोर्ट अनुसार 17 फरवरी को आवासीय परिसर टाइप-4 मकान संख्या डी-8 में आपके साथ एक घटना घटी, जिसके कारण सार्वजनिक अशांति हुई और सुरक्षाकर्मियों और पुलिस अधिकारियों को हस्तक्षेप करना पड़ा। यूनिवर्सिटी ने नोटिस का जवाब मांगते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर 22 को

**बिलासपुर।** गायत्री शक्तिपीठ और हरदेवलाल भगवती मंदिर के सौजन्य से 22 फरवरी रविवार की सुबह 8 से 10 बजे तक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें श्रीकृष्णा हास्पिटल की एमडी मेडिसिन डॉ.शुभाशीष महतो, स्कीन स्पेशलिस्ट डॉ. आलोक सुल्तानिया, अपोलो हास्पिटल के एमडी डीएम डीएनबी कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. महेन्द्र प्रसाद सामल, होमियोपैथी डॉ. गीता विश्वकर्मा, भूतपूर्व स्वास्थ्य अधिकारी बीएचएमएस डॉ. एसबी सिंह, डेनटिस्ट और कॉसमेटिक सर्जन डॉ. प्रियंका नेताम मौजूद रहेंगे।

### एसई परीक्षा के मॉडल आंसर जारी

**बिलासपुर।** व्यापमं ने मंगलवार को उप अभियंता (सिविल/ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी)भर्ती परीक्षा के मॉडल आंसर जारी कर दिए हैं। अभ्यर्थी वेबसाइट पर जाकर मॉडल उत्तर देख सकते हैं। अटल नगर विकास प्राधिकरण के तहत 8 फरवरी को हुई इस परीक्षा के लिए 23 फरवरी दोपहर 3 बजे तक दावा-आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

### रक्सौल चर्लपल्ली के मध्य चलेगी होली स्पेशल



**बिलासपुर।** होली त्यौहार के दौरान यात्रियों को सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से रेलवे ने इस वर्ष 1410 से अधिक होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करने की योजना बनाई है, जिसमे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से भी 15 होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा। इसी कड़ी में रेलवे की ओर से होली के अवसर पर मार्ग चर्लपल्ली-रक्सौल मार्ग की गाड़यिों में होने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए तीन होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन चर्लपल्ली एवं रक्सौल के मध्य तीन फेरे के लिए की जा रही है। यह गाड़ी चर्लपल्ली से 07005 नंम्बर के साथ 23, 28 फरवरी एवं 1 मार्च को तथा रक्सौल से 07006 नम्बर के साथ 26 फरवरी एवं 3, 4 मार्च को चलेगी। इस स्पेशल ट्रेन में कुल 24 कोच की सुविधा होगी। 07005 नम्बर चर्लपल्ली से 22.00 बजे रवाना होकर दूसरे दिन गोंदिया, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर 13.15 बजे, रायगढ़, झारसुगुड़ा, तीसरे दिन रक्सौल 16.50 बजे पहुंचेगी।

जेवरात व नकद बरामद : अंबिकापुर रोड से भागे थे लुटेरे

## सफेद रंग की स्कार्पियो से भाग रहे लुटेरों को यूपी मिर्जापुर एसटीएफ ने पकड़ा



### पीड़ित का लिया गया बयान

बुधवार की सुबह दण्डाधिकारी नायब तहसीलदार प्रकृति ध्रुव ने प्रथम हास्पिटल जाकर घायल सराफा व्यापारी श्री तिवारी से पूछताछ कर घटना की जानकारी लेते हुए उनका बयान दर्ज किया है। इस दौरान व्यापारी के परिजन व परिचित उपस्थित थे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सराफा व्यापारी के सिर पर हथौड़ी से हमला कर उनकी कार सहित ढाई किलो से अधिक सोना व 3 लाख 50 हजार रुपए लूटने के बाद लुटेरे सफेद रंग की स्कार्पियो से मोपका बाइपास से रतनपुर अम्बिकापुर होते हुए भागे और उत्तर प्रदेश पहुंच गए, वहां मिर्जापुर एसटीएफ ने स्कार्पियो सहित लुटेरों को पकड़ लिया। उनके कब्जे से लूट के जेवर व नकद रकम बरामद कर लिया गया है। पुलिस लुटेरों को लेने के लिए मिर्जापुर रवाना हो गई है। लुटेरों के पकड़े जाने की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

राजकिशोर नगर तुलसी आवास निवासी सराफा व्यापारी तुलसी आवास निवासी संतोष तिवारी के भाई विवेक तिवारी ने बताया, मंगलवार की रात 9 बजे उनका भाई बंसत विहार चौक स्थित अपनी महालक्ष्मी ज्वेलर्स दुकान बंद कर सोने के जेवर व बिक्री रकम अपनी कार में रखकर घर जा रहे थे। रात 9.30 बजे राजकिशोर नगर टेलीफोन एक्सचेंज के आगे सफेद रंग की वैन क्रमांक सीजी 10 बीजे 8147 ने उनकी कार को टक्कर मार दी। श्री तिवारी कार से बाहर निकले तो वैन से दो लोग आए और एक युवक ने उन पर पिस्टल तान दी। झूमाझटकी के दौरान पिस्टल से मैग्जीन नीचे गिर गई। इसी दौरान पीछे से बाइक में एक युवक हथौड़ी लेकर आया और उसने श्री तिवारी के सिर पर ताबड़तोड़ 12 बार हमला किया। उसके बाद तीनों युवक अपनी कार व बाइक छोड़कर श्री तिवारी की कार व जेवरात लेकर भाग गए। श्री तिवारी अपने घर गए और परिजन को जानकारी दी। पुलिस ने आसपास क्षेत्र में सीसीटीवी फुटेज खंगाला तो श्री तिवारी की कार के साथ एक सफेद रंग की स्कार्पियो परसाही उरतुम की ओर जाती दिखी। पुलिस खोजते हुए उस मार्ग पर गई तो परसाही के नहर किनारे श्री तिवारी की कार खड़ी मिली। तीनों लुटेरे स्कार्पियो में सवार होकर अन्य साथी के साथ मोपका बाइपास से रतनपुर अम्बिकापुर होते हुए भाग गए थे। खबर है कि बुधवार को उत्तर प्रदेश मिर्जापुर एसटीएफ पुलिस ने सफेद स्कार्पियों में भागते हुए चारों लुटेरो को पकड़ लिया है। उनके पास से लूटे गए सभी जेवर व नकद रकम बरामद कर लिया है। मिर्जापुर पुलिस ने लुटेरों के पकड़े जाने की सूचना बिलासपुर पुलिस के उच्च अधिकारियों को दी। उसके बाद राजपत्रित अधिकारी बल के साथ लुटेरों को लेने के लिए उत्तर प्रदेश मिर्जापुर के लिए रवाना हो गए हैं।

### टीम लगी हुई है तलाश में

लुटेरों को पकड़ने के लिए पुलिस की अलग अलग टीम लगी हुई है। शीघ्र ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

**- पंकज कुमार पटेल** एडीशनल एसपी

### आरोपियों का एक साथी पकड़ा गया था

करीब दो माह पूर्व सरकण्डा जबड़ापारा में एक्टिवा सवार समोसा बेचने वाले व्यक्ति को रोककर बाइक सवार लुटेरों ने कट्टा अड़ाकर लूटने की कोशिश की थी। उक्त मामले में पुलिस ने यूपी से एक लुटेरे को को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बताया जाता है जेल में बंद आरोपी के फरार साथियों ने ही सराफा व्यापारी से लूट की वारदात को अंजाम दिया है।



### दो दिन पहले अकलतरा से चुराया था इको वेन

लुटेरे मौके पर अपनी मारूती इको वेन क्रमांक सीजी 10, 8147 व बाइक क्रमांक सीजी 10 पी 0331 को छोड़कर चले गए। उक्त वेन को दो दिन पहले लुटेरों ने अगलतरा अम्लीपाली से एक मकान के सामने से चोरी किया था। मंगलवार को अकलतरा थाने में उक्त वाहन के चोरी होने की रिपोर्ट लिखाई गई है। वहीं बाइक को उन्होंने अम्बिकापुर मैनपाट से चोरी किया था।



बीच शहर गन पाइंट पर सराफा व्यापारी से लाखों की लूट

हथौड़ी से सिर पर वार कर किया घायल

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

### 4 करोड़ के जेवर 3.50 लाख नकद ले गए लुटेरे

घायल सराफा व्यापारी श्री तिवारी के छोटे भाई विवेक पाण्डेय ने बताया, पूर्व में उनकी दुकान में चोरी होने के कारण हमेशा वे दुकान बंद कर सोने के जेवर घर लेकर जाते थे और सुबह जेवर लेकर दुकान जाते थे। मंगलवार की रात वे दुकान से 2 किलो 200 ग्राम सोने के जेवर, 350 ग्राम कच्चा सोना, 100 शुद्ध सोने की बिस्किट, 3 लाख 50 हजार रुपए कार में रखकर घर जा रहे थे। जिसे लुटेरे लूटकर ले गए हैं।

### सराफा एसोसिएशन को पुलिस पर भरोसा

छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी ने कहा है कि उन्हें पुलिस की कार्रवाई पर भरोसा है। अपराधी जल्द पकड़े जाएंगे। श्री सोनी ने एसएसपी रजनेश सिंह से चर्चा की। वे अभी बाहर हैं, लेकिन उन्होंने पूरी गंभीरता से कार्रवाई का आश्वासन दिया है। सराफा एसोसिएशन ने आईजी श्री गर्ग से भी चर्चा की है। आईजी ने चर्चा के दौरान कहा कि आप पीड़ित मरीज के स्वास्थ्य का ध्यान रखें अपराधी हम पकड़ कर लाएंगे। पूरी टीम अपने अनुभव के साथ जुटी हुई है। सराफा एसोसिएशन को पुलिस पर पूरा भरोसा है जल्द ही अपराधी गिरफ्त में आएंगे और संतोष तिवारी के साथ न्याय होगा। उसका पूरा माल वापस मिलेगा।



होली के पूर्व खेतों में लहलहाने लगी धनिया की फसल।

## 131 केन्द्रों में बोर्ड परीक्षा कल से प्रश्नपत्रों का वितरण किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- जिले में कुल 7 उड़नदस्ते दल गठित किए गए, विशेष बैठक आज

10वीं और 12वीं बोर्ड की परीक्षाएं 20 फरवरी से शुरू हो रही हैं। इसके लिए आंसरशीट का वितरण पहले ही कर दिया गया था तो अब गोपनीय सामग्री भी स्कूलों को वितरित कर दी गईं हैं। इन प्रश्नपत्रों और गोपनीय सामग्री को संबंधित थानों में सुरक्षित रखा गया है। जिस दिन जिस विषय की परीक्षा होगी वह पेपर स्कूलों और परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचाएं जाएंगे। गौरतलब है कि 20 फरवरी से 12वीं और 21 फरवरी से 10वीं की परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। कक्षा 10वीं में 131 केंद्रों पर 22,272 छात्र शामिल होंगे। परीक्षा 21 फरवरी से 13 मार्च तक होगी। वहीं, कक्षा 12वीं की परीक्षा के लिए 122 केंद्र बनाए गए हैं। 20 फरवरी से 18 मार्च तक चलेगी वाली परीक्षा में 14,922 छात्र शामिल होंगे।

शिक्षा विभाग के मुताबिक नकल रोकने के लिए जिले में कुल 7 उड़नदस्ते दल गठित किए गए हैं, जिनमें से एक टीम को रिजर्व में रखा गया है। शेष 6 टीमें प्रतिदिन अलग-अलग गाड़ियों से परीक्षा केंद्रों का दौरा करेंगी। हर टीम में 6 सदस्य शामिल किए गए हैं। पहली टीम डिप्टी कलेक्टर शिव कुमार कंवर के नेतृत्व में काम करेगी। दूसरी टीम का नेतृत्व डीईओ विजय टांडे करेंगे। तीसरी व चौथी टीम क्रमशः सहायक संचालक पी. दासरथी और वर्षा शर्मा के नेतृत्व में काम करेगी इसके अलावा अन्य टीमों में जिला स्तरीय अधिकारियों को शामिल किया गया है। इन उड़नदस्ता टीमों की एक विशेष बैठक 19 फरवरी को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के कक्ष क्रमांक 6 में आयोजित की गई है। इस बैठक में नकल रोकने की रणनीति और रूट चार्ट पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। ध्यान रहे कि बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में 131 केनद्र बनाए गए हैं। नकल रोकने के लिए बनी इन 7 टीमों में कुल 42 अधिकारियों को तैनात किया गया है।



महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल में पेपर वितरण के दौरान रखी कुर्सियां।

1 जनवरी से हो जाना था प्रभावशील

## फाइलों का ऑनलाइन मूवमेंट, अभी दूर की कौड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पेपरलेस वर्क एवं फाइलों की सुलभ आवाजाही को लेकर शासकीय कार्यालयों में ई-आफिस के अंतर्गत फाइलों का ऑनलाईन मूवमेंट प्रारंभ किया जाना है। शासन के आदेशानुसार ई-आफिस की शुरूआत एक जनवरी से हो जानी थी, लेकिन जमीनी स्तर के कर्मचारियों में इस विषय की पूरी जानकारी का अभाव होने के कारण इसका परिपालन अभी दूर की कौड़ी नजर आ रही है। बुधवार को भी ई-ऑफिस को लेकर अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

शासकीय कार्यों में पारदर्शिता, त्वरित निस्तारण एवं कार्यालयीन प्रक्रियाओं को डिजिटल माध्यम से सुगम बनाने के उद्देश्य से बुधवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ई-ऑफिस संबंधी प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में ई-ऑफिस प्रणाली के संचालन, ऑनलाइन फाइल मूवमेंट, ई-नोटशीट तैयार करने, पत्राचार अपलोड करने तथा डिजिटल हस्ताक्षर के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अचल संपत्ति विवरण ऑनलाइन दर्ज करने तथा अवकाश आवेदन की ऑनलाइन प्रक्रिया के संबंध में भी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि इन व्यवस्थाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से कार्यों में पारदर्शिता बढ़ेगी, समय की बचत होगी तथा लंबित प्रकरणों के निराकरण में भी तेजी आएगी।



- ई-ऑफिस को लेकर फिर हुआ अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण

### प्रशिक्षण में थ्योरी के साथ प्रैक्टिकल भी

सिंचाई विभाग परिसर स्थित प्रार्थना सभा भवन में प्रशिक्षण लेने जाए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ई-आफिस की थ्योरी तो समझाई ही गई, लेकिन इसे कैसे अमल में लाना है इसे करवाकर भी देखा गया। सभी प्रतिभागियों को व्यावहारिक अभ्यास भी कराया गया, ताकि वे अपने कार्यालयों में इन प्रणालियों का सुचारू उपयोग कर सकें।

## कोटा के आसपास घूम रहे बाघ बाघिन से ग्रामीणों में दहशत

**बिलासपुर।** बाघ और बाघिन अभी भी कोटा के आसपास ग्रामीण एरिया में घूम रहे हैं, जिसके कारण ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। वहीं कोटा वन परिक्षेत्र के साथ वन विकास निगम, एटीआर की टीम लगातार मानिटरिंग कर रही है, लेकिन बाघ और बाघिन तक नहीं पहुंच सकी है।

कोटा वन परिक्षेत्र में बाघ और बाघिन के कारण अभी भी दहशत का माहौल बना हुआ है। बाघ, बाघिन कभी वन विकास निगम के क्षेत्र में तो कभी कोटा वन परिक्षेत्र के जंगल और आसपास के इलाके में घूम रहे हैं। सूचना मिलने के बाद दोनों विभाग की टीम के साथ एसटीपीएफ और एटीआर के स्टाफ भी मौके पर पहुंचकर बाघ और बाघिन को ट्रेस करने में लगे हैं, जहां उन्हें अब तक केवल दोनों के पग मार्क ही मिल सके हैं।



### निगरानी कर रही टीम

करका के क्षेत्र में सुबह टाइगर का मूवमेंट देखा गया है, करका का क्षेत्र कोटा वन परिक्षेत्र में हैं। फिलहाल तीनों विभाग की टीम निगरानी कर रही है। इसके अलावा मौके पर ट्रैप कैमरे भी लगाए गए हैं। बाघ है या बाघिन यह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है।

**- सत्यदेव शर्मा,** डीएफओ वन विकास निगम


AICC राष्ट्रीय सचिव, कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी बिलासपुर, विधायक भिलाई नगर
युवा हृदय सम्राट
बड़े भाई
मान. श्री देवेन्द्र यादव जी
जन्मदिन की ढ़ेर सारी
बधाई एवं शुभकामनाएं...
19 फरवरी
अनस खोखर
आदिल खैरानी
स्वपनिल श्रीवास्तव
शेरू असलम
तनमीत छाबड़ा
सुनील पटेल
अमित दुबे


बिलासपुर, गुरुवार 19 फरवरी 2026

हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255





बदलते समय के साथ साइलेंट मौत के मामले बढ़ते जा रहे हैं। सेहत के लिए सजग रहने वालों की भी अचानक हार्ट अटैक से मौत हो रही है। बीते दिनों राजधानी में बैडमिंटन खेलते हुए कारोबारी की हार्ट अटैक से मौत के बाद अपनी सेहत का ध्यान रखने वालों के लिए चिंता बढ़ गई है कि आखिरकार स्वस्थ शरीर के लिए व्यक्ति की दिनचर्या कैसी होनी चाहिए, ताकि अचानक आने वाले साइलेंट अटैक से बचा जा सके।

# लाइफस्टाइल और अनियमित खान-पान से बढ़ रही हार्ट की बीमारी

**हार्ट अटैक से बचने हर 6 महीने में जांच जरूरी योगा व फीजिकली एक्टीविटीस भी जरूरी**



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आज के दौर में लोग सुबह देर से उठते हैं, नाश्ता छोड़कर सीधे काम पर निकल जाते हैं और रात में भारी भोजन कर सो जाते हैं। ये आदतें दिल पर अतिरिक्त दबाव डालती हैं। इसके साथ ही तनाव, नींद की कमी और मोबाइल की लत शरीर में ऐसे हार्मोन बढ़ा देती है, जो हृदय पर नकारात्मक असर डालते हैं। कई बार मरीज को लक्षण भी नहीं दिखते और अचानक हार्ट अटैक हो जाता है। यह स्थिति बेहद गंभीर है।

डॉ रूपेश श्रीवास्तव ने बताया कि हृदय की धमनियों में जब तक ज्यादा ब्लॉकेज न हो, तब तक अधिक परेशानी महसूस नहीं होती, लेकिन धमनियों में मौजूद 10 से 20 प्रतिशत ब्लॉक भी रैप्चर हो जाए तो यह हार्टअटैक का कारण बन सकती है। हाई ब्लडप्रेशर से पीड़ित 50 प्रतिशत लोगों को अपनी इस बीमारी के बारे में पता नहीं होता। शहरी क्षेत्र में ब्लडप्रेशर से पीड़ित करीब 20 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्र में करीब 10 प्रतिशत लोगों को का ब्लडप्रेशर नियंत्रित रहता है। हार्ट अटैक से बचाव के लिए ब्लडप्रेशर, डायबिटीज व कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित रखना जरूरी है।

## हर छह माह में एक बार जांच जरूरी

डॉ ने बताया कि हर छह महीने में एक बार ब्लडप्रेशर और कोलेस्ट्रॉल की जांच जरूर कराएं। छाती में भारीपन, अचानक छाती में दर्द, छाती के पिछले हिस्से में दर्द और पसीना आने लगे तो यह हार्ट के लक्षण हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में तुरंत सीपीआर देना चाहिए। इसके अलावा हार्ट अटैक होने पर एर्सप्रिन देने से मौत की आशंका 20 से 25 प्रतिशत कम हो जाती है। स्वस्थ दिखने वाले कई लोग भी ब्लडप्रेशर, कोलेस्ट्रॉल की समस्या और कुछ दूसरी बीमारियों से पीड़ित होते हैं, लेकिन उन्हें मालूम नहीं होता। इसलिए जांच ही इसका समाधान है। सभी वर्गों को नियमित बॉडी की जांच करानी चाहिए, फिर उसके हिसाब से जीवनशैली को रखना चाहिए।

## 50 प्रतिशत मरीजों की मौत अस्पताल पहुंचने से पहले

हार्ट अटैक होने पर कुछ मरीजों की हृदय गति बहुत तेज (वेंट्रीकुलर टैचीकार्डिया) हो जाती है। इस वजह से हृदय ब्लड पंप करना बंद कर देता है। इस वजह से कार्डियक अरेस्ट होता है। ऐसी स्थिति में तीन मिनट के अंदर डिफिबिलेटर से सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) न मिलने पर मरीज की मौत हो जाती है। हार्ट अटैक के 50 प्रतिशत मरीजों की मौत अस्पताल पहुंचने से पहले हो जाती है।

## मैदा व तेल से बने खाद्य पदार्थों का अत्यधिक सेवन भी हानिकारक

एक्सपर्ट का कहना है कि अचानक दिल का दौरा आने से युवावर्ग भी मौत का शिकार बन रहा है। युवावर्ग फास्ट फूड, मिर्च मसाले, मैदे व तेल से बने खाद्य पदार्थों का अधिक सेवन करने लगा है। यही बीमारियों का बड़ा कारण है। पौष्टिक और संतुलित आहार लें। भोजन में हरी सब्जियों और फलों को शामिल करें। अधिक से अधिक सलाद खाने की आदत डालें। खराब कोलेस्ट्रॉल से दिल का दौरा होने का खतरा अधिक होता है। नियमित रूप से योगा और वॉक करने से हृदयाघात की संभावना को कम किया जा सकता है। समय-समय पर जांच करानी चाहिए, जिससे कोई विक्कत होने पर तत्काल इलाज किया जा सके। अपने फैमिली डॉक्टर की सलाह से ही दवाएं लें।

जयंती

## छत्रपति शिवाजी जयंती आज, जीवंत झांकियों के साथ शोभायात्रा निकलेगी

**बिलासपुर।** हिन्दु स्वराज के संस्थापक वीर छत्रपति शिवाजी की जयंती गुरूवार को मनाई जाएगी, मराठा समाज के जिलाध्यक्ष शशांक चौहान ने बताया की छत्रपति शिवाजी महाराज जी की 396 वी जयंती पर शिवाजी चौक बृहस्पति बाजार स्थित महाराज की मूर्ति पर प्रातः 8 बजे माल्यार्पण किया जाएगा। समाज की मातृशतियों द्वारा आरती कर



टाउनहाल में शिवाजी महाराज की मूर्ति पर माल्यार्पण किया जायगा। वहां से सभी आई तुळजा भवानी मंदिर में एकत्रित होकर मंदिर परिसर स्तिथ मूर्ति पर माल्यार्पण किया जायगा। शाम 5 बजे लाल बहादुर स्कूल से भव्य शोभा यात्रा निकलेगी जिसमें शिवाजी महाराज, जिजा माता की जीवंत झांकी रहेगी, ढ़ोल के साथ रायपुर के रंगोली आर्टिस्ट के द्वारा पूरी रास्ते सुंदर रंगोली आकर्षण का केन्द्र रहेगी। शोभायात्रा में सभी मराठा भगवा पगड़ी में एवं महिलाएं मराठी वेशभूषा में दिखाई देंगी। शोभायात्रा गोलबाजार, सदर बाजार, देवकीनंदन चौक, शिवाजी चौक होते हुये आई तुळजा भवानी मंदिर पहुंचेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहर विधायक अमर अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि महापौर पूजा विधानी, पार्षद अंजनी कश्यप रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा मराठा सेना, महिला मंडल की मातृशक्तिया कार्य कर रही है।

एग्जाम

## परीक्षा की तैयारी के लिए पर्याप्त नींद लें, तनाव रहित रहें

**बिलासपुर।** हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षार्थियों को व्याख्याता डॉ पूनम सिंह ने कहा कि यह समय छात्रों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इस समय में तनाव और भय को अपने ऊपर हावी न होने दें। भय मुक्त होकर परीक्षा देने से सफलता मिल सकती है, और



यही समय है जब आपको अपने आत्मविश्वास को बढ़ाने की जरूरत है। पहले तो,यह समझना होगा कि परीक्षा सिर्फ एक पेपर नहीं है, यह आपके जीवन का एक हिस्सा है। आत्मविश्वास और सकारात्मक दृष्टिकोण ही आपको सफलता की ओर ले जा सकता है। परीक्षा के दौरान समय का ध्यान रखें और प्रश्नों को समझने के लिए पर्याप्त समय दें। प्रश्नों को ध्यान से पढ़ें और समझें, पहले आसान प्रश्नों के उत्तर दें, फिर कठिन प्रश्नों पर जाएं। उत्तर लिखने से पहले सोचें और अपने उत्तर को व्यवस्थित करें। उत्तर लिखने के बाद उसे एक बार जरूर पढ़ें। किसी भी अनियमितता से बचें और परीक्षक के निर्देशों का पालन करें। परीक्षा से पहले अच्छी नींद लें और स्वस्थ भोजन करें,परीक्षा के लिए जल्दी निकलें और अपने साथ आवश्यक सामग्री रखें। परीक्षा के बाद अपने उत्तरों की जांच करें और अगले पेपर के लिए तैयारी करें।अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अच्छी नींद लें, स्वस्थ भोजन करें, और नियमित व्यायाम करें। इससे आपका मन और शरीर दोनों स्वस्थ रहेगा और आप परीक्षा के लिए तैयार रहेंगे।

आयोजन

## रेलवे हिंदी मीडियम स्कूल के पूर्व छात्रों का मिलन



**बिलासपुर।** रेलवे हिंदी मीडियम स्कूल, बुधवारी बाजार में कक्षा पहली से ग्यारहवीं कक्षा तक एक साथ पढ़े ,१९६ * बैच के मित्रो का ६ साल बाद बुधवार को मिलन समारोह आयोजित किया गया । इसमें 80 वर्ष के उम्र पार कर चुके सभी मित्र कुछ बिलासपुर और कुछ शहर से बाहर से आए थे। सभी अपने पुराने दोस्तों के साथ मिलकर बहुत ही आनंदित हुए। सभी ने अपने स्कूल के दिनों को याद किया और अपने घर, परिवार की ढेर सारी बाते की। सभी ने साथ में खेल खेले, डिनर का लुत्फ उठाया और आइसक्रीम खाई । इन पाँच दोस्त बैजनाथ सैनी , प्रेम कुमार बख्शी , वसंत होनप , अनिल लोणकर एवं मिहिर सेनगुप्ता ने पुनः फिर से मिलने का वादा किया।

कार्यक्रम

## मसीहियों के 40 दिनों का लेंट पर्व उपवास काल में ध्यान प्रभु पर



**बिलासपुर।** मसीहियों के 40 दिनों का लेंट पर्व बुधवार को प्रारंभ हुआ। यह उपवास काल 18 फरवरी से प्रारंभ होकर 29 मार्च तक चलेगा। 40 दिनों के उपवास काल का संबंध बाइबिल के 40 अंकों पर आधारित है। चर्च ऑफ़ ख्राइस्ट सीएमडी चौक निर्वाचित प्राचीन पक्ष /समिति तारबाहर बिलासपुर चर्च के सीनियर पास्टर सुदेश पॉल ने बताया कि प्रभु यीशु के क्रूस पर चढ़ाए जाने के पूर्व जो यातनाएं और दुख उन्होंने सहा, उस वेदना और पीड़ा को स्मरण करते हुए मसीहियों ने बुधवार से 40 दिनों का उपवास आरंभ किया। बाइबल के पुराने विधान में जब जल प्रलय से पृथ्वी नष्ट हुई थी तब 40 दिन और 40 रात वर्षा हुई थी। इसरायली लोग जंगल में चालीस वर्षो तक भटकते रहे। सिनै पर्वत पर मूसा नबी परमेश्वर से वार्तालाप करते हुए चालीस दिनों तक निराहार रहे। प्रभु यीशु मसीह बपतिस्मा लेकर चालीस दिन और रात जंगल में रहकर निराहार रहे। यीशु मृतकों में से जीवित होने के बाद ठोस प्रमाणों सहित लोगों को 40 दिनों तक दिखाई देते रहे। इन्ही संदर्भों पर आधारित मसीहियों में 40 दिनों का लेंट पर्व मनाया जाता है। पास्टर पॉल ने बताया कि चालीस दिनों तक मसीह विश्वासी लोग उपवास रखकर अपने मनों को ईश्वर पर केंद्रित करते हैं।

# साहित्य सृजन ही समाज को देता है सही दिशा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय एवं पीएम-ऊषा के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग में "सांस्कृतिक मूल्यों एवं हिन्दी साहित्य" विषय पर एक दिवसीय परिचर्चा, सम्मान समारोह एवं भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। साहित्य मनीषियों का सम्मान कार्यक्रम के एक विशेष सत्र में साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और निरंतर 'साहित्य सृजन' के लिए छत्तीसगढ़ की प्रतिष्ठित विभूतियों को सम्मानित किया गया।

कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी एवं मुख्य अतिथि शशांक शर्मा द्वारा साहित्यिक सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। पूर्व राजभाषा आयोग अध्यक्ष डॉ विनय कुमार पाठक, साहित्यकार डॉ अजय पाठक, द्वारिका प्रसाद अग्रवाल, सतीश जायसवाल मौजूद रहे। मुख्य अतिथि अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा ने कहा कि साहित्य सृजन ही समाज को सही दिशा देता है। उन्होंने विश्वविद्यालय में हिन्दी विभाग की स्थापना को समय की मांग बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी ने सम्मानित विभूतियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए इस आयोजन को विश्वविद्यालय के इतिहास का एक स्वर्णिम अध्याय बताया।

### काव्य रस की वर्षा

कवि सम्मेलन में देश के विख्यात रचनाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया डॉ विष्णु सक्सेना तुम हमारी कसम तोड़ दो, हम तुम्हारी कसम तोड़ दें। डॉ सोनरूपा विशाल जाने क्यों तुमसे मिलने की आशा,बलराम श्रीवास्तव ने स्वतंत्रता सेनानी व कवि बलबीर सिंह 'रंग' के प्रेरक संस्मरण और कविताएं साझा कीं। आचार्य देवेन्द्र देव एवं हिमांशु श्रोत्रिय ने ओजस्वी काव्य पाठ किया। कार्यक्रम का सफल संचालन संयोजक यशवंत कुमार पटेल एवं सचिव गौरव साहू ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ तारणिश गौतम, प्रो एचएस होता, डॉ सुधीर शर्मा, डॉ अनीता पाण्डेय, डॉ लतिका ताम्रकार, डॉ पूजा पाण्डेय, सुमित शर्मा सहित विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक, अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



शीतला माता मंदिर में भागवत कथा प्रारंभ

# वेदों का सार है भागवत महापुराण : तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

श्री सिद्ध शक्तिपीठ शीतला माता मंदिर सिम्स परिसर में भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ हुई। कथा के प्रथम दिवस कथा व्यास आचार्य योगेश तिवारी महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि वेदों का सार युगों-युगों से मानव जाति तक पहुंचता रहा है। भागवत महापुराण को वेदों का सार कहा गया है।



कथा वाचक ने श्रीमद् भागवत महापुराण की व्याख्या करते हुए बताया कि श्रीमद्भागवत जो श्री से युक्त है, श्री अर्थात चैतन्य, सौंदर्य, ऐश्वर्य होता है। यह एक ऐसी अमृत कथा है जो देवताओं के लिए भी दुर्लभ है। राजा परीक्षित ने स्वर्ग अमृत के बजाय कथामृत की ही मांग की। कथा के दौरान उन्होंने वृंदावन का अर्थ बताते हुए कहा कि वृंदावन इंसान का मन है। कभी-कभी इंसान के मन में भक्ति भाव जागृत होता है, पर वह जागृति स्थाई नहीं होती है। इसका कारण यह है कि हम ईश्वर की भक्ति तो करते हैं पर हमारे अंदर वैराग्य व प्रेम नहीं होता है। वृंदावन में जाकर भक्ति देवी तो तरूणी हो गई पर उसके पुत्र का ज्ञान और वैराग्य अचेत व निर्बल पड़े रहते थे। उनमें जीवंतता और चैतन्यता का संचार करने नारदजी ने भागवत कथा का ही अनुष्ठान किया। जिसको श्रवण कर वह पुनः जीवंत और सफल हो उठे। व्यासजी कहते हैं कि भागवत कथा एक कल्प वृक्ष की भांति है। जो जिस भाव से कथा श्रवण करता है वह उसे मनोवांछित फल देती है। यह निर्णय हमारे हाथों में है कि हम प्रभु से संसार की मांग करते हैं या करतार की। कथा के दौरान सुमधुर भजनों का गायन भी किया जा रहा है। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

# आध्यात्मिक प्रदर्शनी का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ब्रह्माकुमारी संस्थान के ओम शांति कॉटेज यमुना नगर में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में भव्य आध्यात्मिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसका रेल्वे अधिकारियों ने अवलोकन कर आयोजन की सराहना की।

कार्यक्रम में एडीआरएम श्री निवास, एडीआरएम मीना, एडीएम ओम प्रकाश भाई तथा रामाराव भाई विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए आयोजन की उत्कृष्ट व्यवस्था और आध्यात्मिक वातावरण की सराहना की। एडीएम ओम प्रकाश भाई ने ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा किए जा रहे आध्यात्मिक एवं सामाजिक सेवाओं की विशेष प्रशंसा की। श्री रामाराव ने द्वादश ज्योतिर्लिंग की आरती की।

उन्होंने ब्रह्माकुमारी बहनों को प्रेरित करते हुए कहा कि इस प्रकार का आध्यात्मिक कार्यक्रम हर वर्ष आयोजित किया जाना चाहिए। जिससे समाज में शांति और सकारात्मकता का संदेश फैलता रहे। यह आयोजन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ओम शांति कॉटेज हेमूनगर का रहा।



### लोगों ने प्राप्त की आध्यात्मिक अनुभूति

कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं को शिवरात्रि के आध्यात्मिक महत्व, शिव संदेश तथा जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के उपायों के बारे में बताया गया। उपस्थित जनसमूह ने कार्यक्रम का भरपूर लाभ उठाया और आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त की।

स्पोर्टर्स न्यूज

# प्रीमियर लीग का चैम्पियन बना चौकसे ग्रुप




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चौकसे प्रीमियर लीग प्रतियोगिता में चौकसे ग्रुप की टीम ने फाइनल मुकाबला जीतकर चैम्पियनशिप का खिताब हासिल किया है। प्रतियोगिता में शैक्षणिक और कापोरेट जगत की 12 प्रतिष्ठित टीम ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबला चौकसे ग्रुप आफ कालेजेस और जेनविन इलेवन के बीच खेला गया। टास जीतकर चौकसे की टीम ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी जेनविन इलेवन की टीम ने 10 ओवर में 62 रन बनाया। टीम की ओर से सर्वाधिक 24 रन मितु ने, संजय ने 22 रन बनाए। चौकसे ग्रुप की ओर से गेंदबाजी करते हुए आनंद ने तीन विकेट, महताब, शाहिद और मुकेश ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। 63 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चौकसे ग्रुप की टीम ने आठ गेंद शेष रहते हुए जीत हासिल कर लिया। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए मुकेश ने 42 रन बनाया। जेनविन इलेवन की ओर से मितु ने 2 विकेट प्राप्त किया। विजेता टीम को लक्ष्मी स्पोर्टस की ओर से 11 हजार रुपए और उपविजेता टीम को आठ हजार रुपए एवं ट्राफी प्रदान की गई। मैच मे शानदार प्रदर्शन करने पर मैन आफ द मैच का पुरस्कार मुकेश को, बेस्ट बॉलर का पुरस्कार चौकसे ग्रुप के पुनीत को, बेस्ट बैट्समैन जेनविन के स्नेहिल और प्लेयर आफ द टूर्नामेंट का खिताब चौकसे ग्रुप के आनंद श्रीवास को दिया गया। मैच में मुख्य अतिथि चौकसे ग्रुप के प्रबंध निदेशक डॉ. आशीष जायसवाल, विशिष्ट अतिथि विभागाध्यक्ष मैनेजमेंट विभाग गुरुघासीदास विश्वविद्यालय के प्रो. संजय पाण्डेय, फैकल्टी प्रो. कुजूर, चौकसे ग्रुप के ओएसडी डॉ. शरद कौशिक थे। डॉ. संजय पाण्डेय ने कहा कि खेल केवल जीत या हार का माध्यम नहीं, बल्कि यह टीम वर्क, नेतृत्व क्षमता और विपरीत परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखने की कला सीखाता है। डॉ. शरद कौशिक ने कहा कि चौकसे प्रीमियर लीग का मुख्य उद्देश्य शिक्षा व कॉपोरेट जगत के बीच एक ऐसा मंच तैयार करना है जहां खेल के माध्यम से आपसी समन्वय और भाईचारा बढ़ सके। मुख्य अतिथि डॉ. आशीष जायसवाल ने कहा कि चौकसे प्रीमियर लीग के पीछे मुख्य उद्देश्य उन खिलाड़ियों को एक सशक्त मंच प्रदान करना है जो दिनभर अपने संस्थान में पूरी निष्ठा से ड्यूटी निभाते हैं। इस अवसर पर शाहिद शेख, संजय वैद्य, किशोर राज, रामप्रसाद निषाद, मनोज लकरा सहित खिलाड़ी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# छत्तीसगढ़ पेंचाक सिलाट संघ की वार्षिक आमसभा

छत्तीसगढ़ पेंचाक सिलाट मार्शल आर्ट संघ की वार्षिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में महासचिव शेख समीर ने गत वर्ष की कार्य गतिविधि की जानकारी दी। आगामी वर्ष की कैलेंडर जारी की गई। बैठक में प्रदेश के मुख्य कार्यकारिणी एवं 14 जिले के अध्यक्ष सचिव ने भाग लिया।

बैठक में उपस्थित प्रदेश कार्यकारिणी में चेयरमैन रविन्द्र सिंह ठाकुर, अध्यक्ष मनीष बाग, उपाध्यक्ष ममता पांडे, महासचिव शेख समीर, संयुक्त सचिव एमरत्नाकर, कोषाध्यक्ष मनीष निषाद, कार्यकारिणी सदस्य सबीहा शेख, खुशबू पांडे एवं कुंवर सिंह, टेक्निकल डायरेक्टर शेख अरबाज अली, असिस्टेंट टेक्निकल डायरेक्टर बरुण बाग, रेफरी बोर्ड चेयरमैन अभिषेक देवांगन एवं सचिव सूर्यकांत वर्मा, प्रदेश कार्यालय सचिव बी बल्बिनी राव और छत्तीसगढ़ पैरा स्विमिंग संघ के महासचिव सूरज यादव जी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## खबर संक्षेप

### भाजपा जिला स्थाई आमंत्रित सदस्य बने अरविंद



**मल्हार।** भाजपा जिला ग्रामीण अध्यक्ष के अनुमोदन के बाद युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष ने जिला पदाधिकारियों, कार्यसमिति सदस्यों और विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष एवं महामंत्रियों की सूची जारी की। सूची में मल्हार के युवा भाजपा नेता अरविंद साहू को जिला स्थाई आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। अरविंद साहू मस्तूरी क्षेत्र में सक्रिय और लोकप्रिय युवा नेता के रूप में जाने जाते हैं तथा संगठनात्मक गतिविधियों में लगातार सहभागिता निभाते रहे हैं। अरविंद साहू ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, वे संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।

## निधन

### अभिषेक यादव (गोविंदा)



**बिलासपुर।** कुदूदंड चांदनी चौक निवासी अभिषेक यादव उर्फ गोविंदा का 32 वर्ष की आयु में 17 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व राजेश यादव के पुत्र, सुनील गोलू यादव के भतीजे एवं राहुल, अंशु यादव के भाई थे।

### दिवाकर साहू



**बिलासपुर।** यदुनंदन नगर तिफरा निवासी रश्मि मेडिकल के संचालक दिवाकर साहू का 64 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार यदुनंदन नगर स्थित मुक्तिधाम में 17 2025 को किया गया। वे अपूर्व साहू एवं रश्मि साहू के पिता थे।

### नरेंद्र तिवारी



**बिलासपुर।** बाबाजी पार्क कॉलोनी निवासी नरेंद्र तिवारी देवरीकला वाले का 18 फरवरी को 74 वर्ष की आयु में निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गुरुवार 19 फरवरी दोपहर 12 बजे कस्तूरबा नगर स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### कामता प्रसाद राही



**बिलासपुर।** दयालबंद निवासी सेवानिवृत्त रेल्वे कर्मचारी कामता प्रसाद राही का बुधवार 18 फरवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास दयालबंद से मधुबन मुक्तिधाम के लिए सुबह 11 बजे निकलेगी। वे राजेश राही, राकेश राही, सतीश राही व रमेश राही के पिता थे।

### बीएमके बाजपेयी

**बिलासपुर।** भिलाई निवासी भिलाई स्टील प्लांट के पूर्व निर्देशक पं बृजमोहन कुमार बाजपेयी का 83 वर्ष की उम्र में बुधवार 18 फरवरी की रात 8 बजे भिलाई में निधन हो गया। वे अपने पीछे एक पुत्री रीनू शुक्ला, दामाद विकाश शुक्ला व नाति सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार 19 फरवरी गुरुवार को भिलाई के मुक्तिधाम में दोपहर 12 बजे किया जाएगा।

## सूखे नशे के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# 14.57 ग्राम ब्राउन शुगर सहित 5 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मुंगेली

ब्राउन शुगर सहित 5 आरोपियों को पकड़ने में पुलिस को बड़ी सफलता मिली। ब्राउन शुगर की तस्करी करने वाले के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए 5 आरोपियों से 14.57 ग्राम ब्राउन शुगर सहित 3 नग मोबाइल व 1 मोटरसायकल जब्त की है।

एसपी भोजराम पटेल के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन बाज' के तहत सूखे नशे जैसे ब्राउन शुगर, चरस, अफीम के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 17 फरवरी को मुखबीर से सूचना मिली कि 3 व्यक्ति बीआर साव स्कूल मैदान मुंगेली में अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर की ब्रिकी करने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। सूचना पर साइबर सेल एवं थाना सिटी कोतवाली मुंगेली पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर रवाना किया गया। पुलिस ने खघेराबंदी कर 3 व्यक्तियों को हिरासत मे लेकर पुछताछ की। पूछताछ में आरोपियों का पहचान अजय देवांगन पिता जुगरू उम्र 40 वर्ष निवासी शिक्षक नगर अम्बेडकर वार्ड मुंगेली, कृष्ण कमल डाहिरे पिता रघुराज उम्र 22 वर्ष निवासी पड़ाव चौक मुंगेली, कोमल यादव पिता बालाराम उम्र 22 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 21 खर्रीपारा मुंगेली के रूप में की गई। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 11 पैकेट मे कुल 14.51 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया। अलग-अलग पूछताछ में आरोपियों ने झझपुरी निवासी किशोर ध्रुव व अमित साहू द्वारा फोनपे के माध्यम से 30 हजार रूपए भेजकर ब्राउन शुगर खरीद कर लाने की बात कही। पुलिस ने उक्त 14.51 ग्राम ब्राउन शुगर कीमती 65 हजार, 3 नग मोबाइल कीमती 40 हजार, घटना मे प्रयुक्त 1 मोटरसायकल एनएस पल्सर सीजी 9 जेएफ 5822 कीमती 65 हजार सहित कुल 1 लाख 70 हजार रूपए का सामान जब्त कर आरोपी अजय देवांगन, कृष्ण कमल डाहिरे, कोमल यादव को गिरफ्तार किया गया। मामले में थाना सिटी कोतवाली में धारा 21 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज कर प्रकरण मे संलिप्त आरोपी किशोर ध्रुव पिता स्व राजेन्द्र उम्र 36 वर्ष, अमित साहू पिता स्व बाबूराम उम्र 38 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर ब्रिकी करने हेतु अजय देवांगन, कृष्ण कमल डाहिरे, कोमल यादव से ब्राउन शुगर मंगाने की जानकारी मिली। पुलिस ने आरोपी अजय देवांगन, कृष्ण कमल डाहिरे, कोमल यादव, किशोर ध्रुव, अमित साहू को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

**एसएसपी की अपील-** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की आम नागरिकों से अपील है कि, यदि किसी भी अवैध नशा या मादक पदार्थ की तस्करी या बिक्री करने की जानकारी हो तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को देवें। सूचना देने वालो की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

## फर्जी दस्तावेज तैयार कर हड़पी मुआवजा राशि, अपराध दर्ज

**तखतपुर।** फर्जी दस्तावेज तैयार कर अवैध रूप से मुआवजा राशि हड़पने वाले चनाडोंगरी निवासी मृतक की पत्नि के खिलाफ तहसीलदार तखतपुर शशांक शेखर शुक्ला ने तखतपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तखतपुर तहसीलदार शशांक शेखर शुक्ला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसमें उन्होंने बताया है कि, चनाडोंगरी निवासी उर्वशी श्रीवास पति स्व पुरूषोत्तम श्रीवास ने अपने साथियों के साथ मिलकर कूट रचित फर्जी दस्तावेज तैयार किया और पति स्व पुरूषोत्तम श्रीवास की जहरीले सांप के काटने से मृत्यु होना बताकर शासन से चार लाख रूपए की मुआवजा राशि प्राप्त कर ली। इस तरह आरोपिता ने फर्जीवाड़ा किया, जबकि उसके पति की मौत सांप के काटने से नहीं हुई। इस संबंध में जांच कराने पर शिकायत सही पाई गई, तब तहसीलदार ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस ने तहसीलदार की रिपोर्ट पर आरोपी उर्वशी श्रीवास के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### ब्रेंज प्रेस, डेड लिफ्ट चैम्पियनशिप 21 व 22 को

**तखतपुर।** सीनियर पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन छत्तीसगढ़ की ओर से राज्य स्तरीय क्लासिक ब्रेंज प्रेस, डेड लिफ्ट चैम्पियनशिप का आयोजन 21 एवं 22 फरवरी को दोपहर 2 बजे से सांस्कृतिक भवन में विधायक धर्मजीत सिंह के मुख्य आतिथ्य, नगरपालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़, उपाध्यक्ष गौरी अजय देवांगन, जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप सहित अन्य की उपस्थिति में आयोजन किया गया है।

## प्रशासन की सजगता से रुका बाल-विवाह



**गौरेला-पेंड्रा।** मरवाही जिले के मरवाही ब्लॉक के चचेड़ी गांव में प्रशासन की सजगता से एक बाल-विवाह रोका गया। मंगलवार 17 फरवरी को चाइल्ड हेल्पलाइन को सूचना मिलने के बाद प्रशासन ने यह कार्रवाई की। इसमें एक नाबालिग बालक और एक नाबालिग बालिका का विवाह होने वाला था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चाइल्ड हेल्पलाइन गौरेला-पेंड्रा-मरवाही को संबंधित सुपरवाइजर के माध्यम से बाल-विवाह की सूचना मिली, जिसे इसके बाद जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अमित सिंहा के निर्देश पर तत्काल संज्ञान लिया गया। चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 से परियोजना समन्वयक मोहर मिरज ने जिला बाल संरक्षण अधिकारी और परियोजना अधिकारी ब्लॉक मरवाही को लिखित जानकारी दी। जिला बाल संरक्षण अधिकारी बीरेंद्र कुमार कुर्रे के मार्गदर्शन में बेलपतिया, सुपरवाइजर, महिला एवं बाल विकास के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। साथ ही स्थानीय पुलिस, परियोजना अधिकारी, सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और पंचायत सचिव भी टीम सहित मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंचकर टीम ने मामले की जानकारी ली और बालिका के दस्तावेजों का सत्यापन किया। सत्यापन में बालिका की उम्र 17 वर्ष 1 माह 30 दिन और बालक की उम्र 19 वर्ष 9 माह 12 दिन पाई गई। यह बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत निर्धारित उम्र से कम थी। इसके बाद टीम ने बालक एवं बालिका के माता-पिता और रिश्तेदारों को बाल विवाह के कानूनी प्रावधानों के बारे में समझाया। उनकी समझाइश के बाद विवाह को सफलतापूर्वक रोक दिया गया।

## पेड़ पर लटका मिला अज्ञात शव, जांच जारी

**बिलासपुर।** रतनपुर थाना क्षेत्र के गिरजावन नवागांव ग्राम में मंगलवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव एक नीम के पेड़ से लटका हुआ मिला। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मृतक ने गमछे के सहारे पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या की है। हालांकि, उसकी पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। ग्रामीणों ने सुबह खेत की ओर जाते समय पेड़ पर शव लटका देखा, जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही रतनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की उम्र लगभग 30 से 40 वर्ष के बीच बताई जा रही है। उसके पास से कोई पहचान संबंधी दस्तावेज बरामद नहीं हुए हैं। पुलिस आसपास के गांवों में पूछताछ कर रही है तथा गुमशुदगी के मामलों से मिलान किया जा रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, फिर भी सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि, यदि किसी व्यक्ति की गुमशुदगी की जानकारी हो तो तत्काल रतनपुर थाना से संपर्क करें, ताकि मृतक की पहचान की जा सके।

## सीएम साय ने किया जिले की बेटी सुप्रिया को सम्मानित

**मुंगेली।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुधवार को मंत्रालय महानदी भवन स्थित अपने कार्यालय में सीडीएस परीक्षा में ऑल इंडिया चौथा रैंक प्राप्त करने वाली मुंगेली की सुप्रिया को सम्मानित किया। उन्होंने सुप्रिया और उनके परिजनों को पुष्पगुच्छ भेंटकर बधाई और मुंह मीठा कराया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि, सुप्रिया की सफलता यह संदेश देती है कि, यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और प्रयास ईमानदार हो, तो साधारण पृष्ठभूमि से आने वाला युवा भी असाधारण उपलब्धि हासिल कर सकता है।

उन्होंने कहा कि, सुप्रिया का अनुशासन, परिश्रम और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण राज्य के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि, राज्य के युवाओं को सुप्रिया से प्रेरणा लेकर अपने लक्ष्य पाने की दिशा में आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर मुंगेली कलेक्टर कुन्दन कुमार भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि, जिले के ग्राम टेढ़ाधौंरा की 23 वर्षीय सुप्रिया ठाकुर ने सीडीएस परीक्षा में ऑल इंडिया चौथी रैंक प्राप्त कर मुंगेली जिला सहित राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। अपनी प्रतिभा, अनुशासन और देशसेवा के अटूट संकल्प के बल पर वे भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित हुई हैं। ग्राम टेढ़ाधौंरा निवासी सुप्रिया सिंह श्रीनेत एक किसान परिवार से आती हैं। उनकी माता संतोषी सिंह श्रीनेत और किसान पिता वैदेही शरण ने सदैव उन्हें शिक्षा और संस्कारों का मजबूत आधार दिया। परिवार के स्नेहिल और अनुशासित वातावरण में पली-बढ़ी सुप्रिया ने प्रारंभिक शिक्षा सेंट जोसेफ हायर सेकेंडरी स्कूल से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने बीटेक में स्नातक की डिग्री हासिल की। इंजीनियरिंग अध्ययन के दौरान ही उन्होंने एनसीसी को अपनाया और अपने नेतृत्व कौशल के बल पर जूनियर अंडर ऑफिसर के पद तक पहुंचीं। एनसीसी के प्रशिक्षण ने उनके भीतर अनुशासन, साहस और राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ किया। वर्ष 2023 में इंजीनियरिंग पूर्ण करने के बाद सुप्रिया ने पूरी एकाग्रता के साथ सीडीएस परीक्षा की तैयारी प्रारंभ की।



## बदहाली की मिसाल बनी 80 किमी लंबी सड़क



**भर्रीडांड़।** पेंड्रारोड, मरवाही से मनेंद्रगढ़ की ओर जाने वाली लगभग 80 किलोमीटर लंबी सड़क आज बदहाली की मिसाल बन चुकी है। वर्षों से इस मार्ग के चौड़ीकरण की मांग उठती रही, लेकिन आज तक न तो सड़क चौड़ी हुई और न ही जर्जर हालात से राहत मिली। गड्ढों से पटी यह सड़क अब विकास नहीं, बल्कि प्रशासनिक उदासीनता की पहचान बन गई है। चौंकाने वाली बात यह है कि, इसी मार्ग से राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के प्रभारी मंत्री राजेश अग्रवाल का नियमित आवागमन होता है। इसके बावजूद सड़क की हालत सुधरने के बजाय दिन ब दिन और खतरनाक होती जा रही है।

### क्या कहते हैं ग्रामीण

स्थानीय नागरिकों का कहना है, एंबुलेंस, स्कूली वाहन और यात्री बसें इस मार्ग पर जान जोखिम में डालकर चलती हैं। बरसात में हालात और बदतर हो जाते हैं कहीं गड्ढे, कहीं उखड़ी डामर, तो कहीं संकरी सड़क पर हादसों का डर। मरवाही और मनेंद्रगढ़ को जोड़ने वाला यह मार्ग न केवल आमजन के लिए, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं और आपात स्थितियों के लिए भी बेहद अहम है। ग्रामीण प्रकाश चंद राय, प्रताप रजक, साहेब लाल केवट ने बताया कि, लोक निर्माण विभाग का सड़क भर्रीडांड़ से लेकर सचरा टोला तक 6 किलोमीटर का सड़क अत्यंत खराब है, जिसकी वजह से अभी हाल में ही कई लोगों की मौत तक हो गई है। इस पर भी विभाग का कहना है कि, जल्द ही सुधार करवाया जाएगा।

### कार्य प्रगति पर

कार्य प्रगति पर है लम्बी सड़क है, जिससे देरी हो रही है। श्रीराम कंट्रक्शन वाला पेंड्रा की ओर से काम करते आगे की ओर बढ़ रहा है।

**- नित्या ठाकुर,** मुख्य कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग

## कौड़िया बंधवापारा में 22वें अखंड नवधा रामायण का शुभारंभ

**सीपत।** ग्राम कौड़िया बंधवापारा में अखंड नवधा रामायण का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ। यह पावन आयोजन अपने 22वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है, जो ग्रामवासियों की अटूट आस्था और सामूहिक एकजुटता का प्रतीक है। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि धनेश्वर साहू एवं पूर्व सरपंच धर्मेंद्र श्रीवास्तव ने ग्रामीणों के साथ मिलकर दीप प्रज्वलन कर प्रभु राम के छायाचित्र के समक्ष पूजा-अर्चना एवं जयकारों के साथ किया। पूरे वातावरण में जय श्रीराम के उद्घोष से भक्ति की अनुगूंज फैल गई। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि धनेश्वर साहू ने कहा कि, अखंड नवधा रामायण का यह 22वां वर्ष हमारे लिए गर्व का विषय है। रामायण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला और आदर्शों का मार्गदर्शन है। पूर्व सरपंच धर्मेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि, 22 वर्षों से लगातार यह आयोजन होना गांव की आस्था और समर्पण का प्रमाण है। आयोजन में दूर-दराज से मानस मंडलियां पहुंचकर अपनी मधुर प्रस्तुतियां देंगी। भक्ति रस से सराबोर इन प्रस्तुतियों को सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं श्रोता प्रतिदिन उपस्थित होंगे। ग्राम कौड़िया बंधवापारा इन दिनों पूरी तरह राममय हो चुका है, जहां श्रद्धा, भक्ति और संस्कारों की ज्योति निरंतर प्रज्वलित हो रही है।

## सहकारिता विस्तार अधिकारी ने लिखा एसपी को पत्र

■ अपने विरुद्ध शिकायत को बताया फर्जी, कार्रवाई की मांग

**तखतपुर।** पुलिस अधीक्षक बिलासपुर को एक लिखित आवेदन में सहकारिता विभाग के विस्तार अधिकारी कैलाशचंद्र कश्यप ने अपने विरुद्ध की गई शिकायत को फर्जी बताते हुए कार्रवाई की मांग की है।

आवेदन में उल्लेख किया गया है कि, अधिकारियों के पत्र 13 फरवरी के माध्यम से उन्हें जानकारी मिली कि, आवेदक सुकलाल व अन्य ने उनके खिलाफ फर्जी शिकायत कार्यालय में प्रस्तुत की है। पत्र में दर्ज तथ्यों को निराधार बताते हुए उन्होंने कहा कि, शिकायत का उद्देश्य उनकी छवि खराब करना है। उन्होंने बताया कि, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति पोड़ी में वर्ष 2025-26 के लिए टेकलाल जायसवाल द्वारा ग्राम संवाडबरा में धान खरीदी केंद्र का संचालन किया जा रहा है। इसी दौरान उनके पिता व अन्य लोगों ने झूठी शिकायत कराई, जबकि शिकायत में उल्लिखित तथ्यों से संबंधित कोई ठोस जानकारी नहीं है। आवेदन में यह भी कहा गया है कि, शिकायत में मोबाइल नंबर सहित अन्य विवरण दर्ज हैं, परंतु शिकायतकर्ता द्वारा दिए गए तथ्यों का वास्तविकता से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि, पूर्व में भी छद्म नाम से शिकायत की गई थी, जिससे स्पष्ट है कि, यह जानबूझकर छवि धूमिल करने का प्रयास है।

## राज्य स्तरीय खो-खो टीम के लिए चयनित हुए लेखराम

**बिल्हा।** अग्रसेन महाविद्यालय के प्रतिभावान छात्र लेखराम निषाद का चयन खो-खो की राज्य स्तरीय टीम के लिए हुआ है, जिससे पूरे महाविद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के क्रीडा अधिकारी डॉ आलोक कुमार चौरसिया एवं प्राचार्य महोदया डॉ सावित्री त्रिपाठी ने लेखराम निषाद को बधाई दी। इस अवसर पर डॉ आलोक कुमार चौरसिया ने कहा कि, लेखराम की यह उपलब्धि निरंतर परिश्रम, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। यह महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। प्राचार्य डॉ सावित्री त्रिपाठी ने कहा कि, लेखराम निषाद ने अपने प्रदर्शन से महाविद्यालय का नाम रोशन किया है, हमें विश्वास है कि, वे राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्था को गौरवान्वित करेंगे। महाविद्यालय के सभी शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने लेखराम की सफलता की कामना की।

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आईसेक्ट लिमिटेड एन.एच. 12 आईसेक्ट कैम्पस मिसरोद भोपाल (म.प्र.) ने श्री लखन लाल परधान निवासी रुमगा तहसील मरवाही जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही (छ.ग.) 32813328 को ग्राम गुल्लीडांड तहसील मरवाही जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही में कियोस्क संचालित करने के लिए अधिकृत किया गया था। अपरिहार्य कारणों से उक्त कियोस्कों के संचालन की अनुमति को निरस्त कर दिया गया है। यदि उपरोक्त कियोस्कों से किसी व्यक्ति को कोई लेन-देन संबंधी शिकायत है तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन से 15 दिवस के भीतर इस कार्यालय (आईसेक्ट लिमिटेड एनएच-12, आईसेक्ट कैम्पस मिसरोद भोपाल (म.प्र.) पिन- 462047 फोन नं.: 0755-2434639, 640 मो. 9826439286 ई-मेल- aisectfi.audit@aisect.org, कनिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक श्री मनोज त्रिपाठी मो. नं- 9993378579) एवं भारतीय स्टेट बैंक शाखा मरवाही (शाखा प्रबंधक श्री दिनेश चौधरी 9926201115) से संपर्क करें।

उक्त समयावधि बीत जाने के बाद कोई भी आपत्ति / शिकायत मान्य नहीं होगी।

**आशुतोष भदौरिया**
चीफ मैनेजर, एफ. आई. मॉनिटरिंग आईसेक्ट लिमिटेड
प्रधान कार्यालय भोपाल (म.प्र.)

### न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

क्रमांक /Q/ तह./वा./2026
बिलासपुर, दिनांक: 17/02/2026
ग्राम-बिरकोना

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम बिरकोना प.ह.नं.41 रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका केल्हवा सूर्यवंशी पिता/पति नकछेद सूर्यवंशी निवासी ग्राम बिरकोना के द्वारा मृतक / मृतिका दशमत बाई की मृत्यु दिनांक 01/03/1985 का प्रमाण पत्र जारी किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 27/02/26 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/2/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, बिलासपुर**

### न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**// ईश्तहार//**

क्रमांक/क/तह / वा / 2026
बिलासपुर, दिनांक 10/02/2026

ग्राम मोपका के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम मोपका प.ह.न. 29 तहसील-बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 399/8 रकबा 2072 वर्गफीट भूमि का छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत अभिलेख दुरूस्ती हेतु आवेदक श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव पिता स्व. श्री कैलाश नारायण श्रीवास्तव निवासी सिटी पार्क कालोनी मोपका बिलासपुर जिला-बिलासपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति / दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 05/03/2026 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनाँक 10/03/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**तहसीलदार**
**बिलासपुर, छत्तीसगढ़**

### समक्ष श्रीमान नोटरी सिविल जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**शपथ पत्र**

मैं पुष्पा कश्यप उम्र 55 वर्ष, पति भूपेन्द्र कश्यप, निवासी-रिंग रोड नं.-2, नर्मदा नगर, बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) की हूं, जो निम्न कथन शपथ पूर्वक करती हूं कि- 1. यह कि उपरोक्त नाम व पता सत्य व सही है। 2. यह कि मेरे द्वारा पासपोर्ट बनवाया गया है, जिसमें मेरे पिता का नाम पिताम्बर पटेल दर्ज है, जो कि त्रुटिपूर्ण है। 3. यह कि मेरे समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं पेन कार्ड में मेरे पिता का नाम पिताम्बर प्रसाद पटेल दर्ज है, जो सत्य व सही है। 4. यह कि मेरा अनुरोध है कि मेरे पासपोर्ट नवीनीकरण में मेरे पिता का नाम पिताम्बर प्रसाद पटेल दर्ज किया जावे। 5. यह कि मेरे द्वारा अपने पिता के वास्तविक नाम के समर्थन में इस शपथ पत्र के साथ आवश्यक दस्तावेज संलग्न है। 6. यह कि मेरे द्वारा दी गई समस्त जानकारी सत्य व सही है, किसी भी जानकारी को जानबूझकर नहीं छिपाया गया है। अतः यह शपथ पत्र उपरोक्त कथनों के समर्थन में आपके समक्ष प्रस्तुत कर रही हूं।

शपथकर्ता

// सत्यापन //

मैं पुष्पा कश्यप शपथकर्ता शपथ पूर्वक सत्यापित करती हूं कि शपथ पत्र की कंडिका 01 से 06 तक में वर्णित कथन सत्य एवं सही है, जिसे आज दिनांक 18/02/2026 को स्थान बिलासपुर में पढ़कर समझकर सत्य होना पाकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित की।

सत्यापनकर्ता

### न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**पीठासीन अधिकारी श्रीमान असलम खान**

ममता यादव एवं अन्य ...आवेदिका
विरुद्ध
शकुन बाई एवं अन्य ...अनावेदकगण

**नोटिस / समन**

प्र.क्र.: 03/2026, पेशी तारीख: 12/03/2026
प्रोसेस क्रमांक: 16/26

बनाम : आम जनता एवं जिसका प्रकरण से संबंध हो

इस न्यायालय में आवेदकगण द्वारा धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अंतर्गत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसकी नियत पेशी दिनांक 12/03/2026 नियत है।

उक्त आवेदन में मृतक स्व. राजेश कुमार यादव, निवासी महमाया पारा रतनपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) की दिनांक 02/10/2025 को मृत्यु हो जाने के उपरांत उनके नाम से प्राप्त होने वाली जमा राशि, बैंक खाता राशि, बीमा दावा राशि (प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना/प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना) एवं अन्य देय राशियों के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदान करने का आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि उक्त प्रकरण के संबंध में किसी भी आमजन, शासकीय निकाय, बैंक, बीमा संस्था अथवा अन्य किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे नियत दिनांक 12/03/26 को प्रातः 11:00 बजे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति संबंधित दस्तावेजों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं।

नियत पेशी दिनांक तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में प्रकरण का निराकरण विधि अनुसार कर दिया जावेगा, यदि किसी कारणवश नियत दिनांक को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या सार्वजनिक अवकाश हो जाता है, तो प्रकरण की अगली कार्यवाही अगले कार्य दिवस में की जावेगी।

अतः आज दिनांक 18/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया

**असलम खान**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

### सार्वजनिक नोटिस

आम जनता को सूचित किया जाता है कि ऋषु शर्मा, पत्नी संजय शर्मा, निवासी महावीर नगर बिलासपुर, तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (गरीबी) की संपत्ति खसरा संख्या 399/34, क्षेत्रफल 0.017 हेक्टेयर, मौजा तिफरा, पीएचएन 40, आरएनएम बिलासपुर, तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (गरीबी) में स्थित संपत्ति की मालिक हैं और ऋषु शर्मा यह संपत्ति मोहम्मद इकबाल अंसारी, पुत्र मोहम्मद जमाल अंसारी को बेच रही हैं। मोहम्मद इकबाल अंसारी, पुत्र मोहम्मद जमाल अंसारी, एक्सिस बैंक लिमिटेड से ऋण लेना चाहते हैं। संजय शर्मा की पत्नी ऋषु शर्मा ने विक्रेता माधुरी शर्मा, विजय कुमार शर्मा की पत्नी से दिनांक 27.03.2014 को पंजीकृत विक्रय विलेख (पुस्तक संख्या 1, खंड संख्या 24384, पृष्ठ संख्या 1 से 11, विलेख संख्या 4810) के माध्यम से उपर्युक्त संपत्ति खरीदी है।

बिक्रीनामा (संख्या 4810, दिनांक 27.03.2014) खो गया है।

यह पूर्व विलेख के खो जाने के संबंध में आम जनता के लिए सूचना है। यदि किसी बैंक, वित्तीय संस्थान या अन्य व्यक्ति को कोई आपत्ति है, तो वे समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। इसके बाद सभी आपत्तियां अमान्य हो जाएंगी।

सम्मान अधिवक्ता डी. के. बजाज

### Public Notice

This is to inform general public that Rishu Sharma W/o Sanjay Sharma R/o Mahaveer Nagar Bilaspur, Tah. Bilaspur, Dist. Bilaspur (C.G.) is having ownership over the Property situated at Property bearing Diverted Land Khasra No.399/34, Area 0.017hec, Mouza Tifra, PHN.40, RNM Bilaspur, Tah. Bilaspur, Dist. Bilaspur (C.G.) and Rishu Sharma is selling the property to Mohammad Iqbal Ansari S/o Mohammad Jamal Ansari . As Mohammad Iqbal Ansari S/o Mohammad Jamal Ansari facility from Axis Bank Ltd wants to avail loan

Rishu Sharma W/o Sanjay Sharma has purchased the aforesaid property from The Seller Madhuri Sharma W/o Vijay Kumar Sharma through the Registered Sale Deed Dated 27.03.2014 vide book no 1, Vol No. 24384, Page No. 1 To 11 Deed 4810

As sale deed Deed no 4810 Date 27.03.2014 has been lost

This is the general public notice regarding loss of previous deed if any bank, financial institution, and other person have objection they can place there objection within 7 days from the newspaper publication afterwards all objection will be null and void

**Regards, Advocate**
**D.K.Bajaj 7024053415**

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.

**सूचना**

क्र/क/ रा.नि./ 2026
जूना बिलासपुर दिनांक 09/02/2026

प्रति, पुष्पेन्द्र कुमार लहरे पुष्पेन्द्र कुमार लहरे 2. रफी अहमद 3. शालिनी बंजारे 4. अन्य सर्व संबंधित हितबद्ध पक्षकार। (समीपी भूमिस्वामियों की जानकारी ज्ञापन में दर्ज आवेदक के बताए अनुसार)

विषयः- सीमांकन में उपस्थित होने बाबत।

संदर्भः- न्यायालय तहसीलदार का ज्ञापन क्र/क/तह/वाचक/2026 बिलासपुर दिनांक 21/11/25

आवेदक पुष्पेन्द्र कुमार लहरे निवासी मेड़पार बाजार के द्वारा ग्राम जरहाभाठा प.ह.नं.37 रा.नि.म. जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 124/37 रकबा 0.0160 हे के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन ज्ञापन परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 26/02/26 को समय 11 से 5 बजे किया जायेगा। अतः आप भूमि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके अनिवार्यतः उपस्थित होवें। अनुपस्थिति के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे और बाद की आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। टीपः-1 आवेदक सीमाचिन्ह स्थापित करने हेतु आवश्यक सामग्री और मजदूर की व्यवस्था करें। 2-विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

राजस्व निरीक्षक जूना बिलासपुर (छ. ग.)

### कार्यालय रा.नि.म. बोदरी, तहसील बोदरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

**सूचना पत्र**

सीमांकन/मौका जांच समय उपस्थित होने हेतू

प्रति
1. मुरली नेभानी 2. विजय विधानी 3. महेश विधानी 4. ख.न 214 बोदरी म.नं. 02 के हितबद्ध समस्त पक्षकार (भूमिस्वामी) 5. ग्राम कोटवार

विषय- सीमांकन/मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतु सूचना के संबंध में।

संदर्भ- भवदीय न्याया. तह के ज्ञा.क्र./वा/2025 बोदरी दिनांक 28/05/25

उक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आवेदक / भूपेन्द्र सिंह ठाकुर पिता स्व. सुखदेव सिंह निवासी सरकंडा द्वारा आवेदित भूमि ग्राम बोदरी प.ह.न. 01 रा.नि.म. व तहसील बोदरी स्थित भुमि ख.नं. 218/1 म.न. 02 रकबा 0.48 ए. भुमि के संबंध में प्रस्तुत आवेदन पर सीमांकन हेतू छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 129 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

धारणाधिकार परिवर्तित दर्ज करने हेतू प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जानकारी निम्नानुसार है।

संदभित पत्र के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन/मौका जांच जांच दिनांक 23.02.26 को 12 बजे दोपहर को किया जाना है। अतः आप उक्त भूमि से संबंधित अपने समस्त दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित रहे।

टीपः- उपरोक्त सीमांकन / मौका जांच अपरिहाय कारणों से तिथि में बदलाव किया जा सकता है।

रा.नि.म. बोदरी
तहसील बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### शोभा टाह फाउंडेशन ने दी बच्चों को सामग्री



**बिलासपुर।** हरिहर ऑक्सीजोन समिति एवं शोभा टाह फाउंडेशन के संयुक्त तत्वधान में अनाथ बच्चों के लिए आवश्यक सामग्री भेंट किया गया, जहां अनाथ बच्चों के साथ हरिहर महिला विंग के सदस्यों ने अपना प्रेम स्नेह बांटते हुए समय बिताया। मातृछाया सेवा भारती बिलासपुर द्वारा संचालित संस्था है, जो अनाथ बच्चों का आश्रम है जहां छोटे नन्हे बच्चों को रखा जाता है। समाजसेवी अनिल टाह के नेतृत्व में मात्र छाया संस्थान में बच्चों के लिए आवश्यक सामग्री भेंट की गई। अनिल टाह ने कहा कि मानव से ही माधव सेवा है। जीवन में हम किसी जरूरतमंद की काम आ सके उससे बड़ा पुनीत कार्य कुछ भी नहीं हो सकता है। इस अवसर पर अनिल टाह, भुवन वर्मा, लता सुमित्रा गुप्ता, भास्कार वर्तक, रेखा मदन मोहन गुल्ला, शेफाली निर्मल घोष ,संजय वर्मा, किरण तारा साहू, विद्या किशोर दुबे, प्रीति चौहान, सीमा कुंभज, गंगा साहू, अजय आरती रजक, मोहित श्रीवास, अंजलि चावड़ा, ममता गुप्ता, एसपी रजक, मोना गणेश बोडके, कल्पना गुप्ता हरिहर ऑक्सीजोन परिवार एवं मातृ छाया संस्थान के अनेक सदस्यों की बड़ी संख्या में उपस्थित थी।

### बिरसा मुंडा की मूर्ति खंडित मामले में कार्रवाई की मांग



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी में भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति गिरने से खंडित हो गई और मूर्ति में दबने से एक मजदूर घायल हो गया। इस घटना को लेकर छात्रों ने बुधवार को यूनिवर्सिटी में प्रदर्शन किया और रजिस्ट्रार से मिलकर जिम्मेदार खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। आक्रोशित छात्रों ने यूनिवर्सिटी में प्रदर्शन किया और रजिस्ट्रार तारणीश गौतम से मिलकर जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान छात्रों और रजिस्ट्रार के बीच तीखी बहस भी हुई। छात्रों का कहना था कि यूनिवर्सिटी प्रशासन की हड़बड़ी और ठेकेदार की लापरवाही के चलते अटल यूनिवर्सिटी में मंगलवार को बड़ी दुर्घटना हो गई। यूनिवर्सिटी में रानी दुर्गावती एवं भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा लगाई जानी थी पर यूनिवर्सिटी के अधिकारियों की जल्दबाजी और ठेकेदार तथा क्रेन मालिक की गंभीर चूक के चलते एक मजदूर बाल-बाल बचा। क्योंकि प्रतिमा उतारते समय ठेकेदारी में काम करने वाले मजदूर को कोई सुरक्षा उपकरण नहीं पहचाए गए थे साथ ही क्रेन आपरेटन पर गैरजिम्मेदारान तरीके से काम को जल्द पूरा कराने के लिए अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा था।

कालोनीवासियों ने राज्य सहकारी निर्वाचन आयोग और उप पंजीयक को पत्र लिखा

# एटमास्फियर रेसिडेंशियल सोसायटी में विवाद, की गई चुनाव कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राजकिशोर नगर चौक स्थित एटमासफियर रेसिडेंसियल को आपरेटिव सोसायटी लिमिटेड लिंगियाडीह कालोनी में रहने वाले लोगों ने नई कार्यकारिणी का चुनाव कराने की मांग की है। इसे लेकर राज्य सहकारी निर्वाचन आयोग रायपुर और उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं बिलासपुर को पत्र लिखा गया है। कालोनी निवासियों ने वर्तमान अध्यक्ष और संचालक मंडल पर गड़बड़ियों के आरोप भी लगाए हैं।

कालोनी वासियों का कहना है कि यहां के रहवासियों ने मिलकर एक समिति का गठन किया था, जिसका पंजीयन क्रमांक 741 है। यह भी लिखा गया है कि सोसाइटी के संचालक मंडल का चुनाव मनीष वर्मा रिटर्निंग अफीसर द्वारा त्रुटिपूर्ण मतदाता सूची के तहत सम्पन्न कराया गया। इसके बाद से वह संचालक मंडल अपने कार्य का सम्पादन सही ढंग से नहीं कर रही थी। इसकी शिकायत समय-समय पर उप पंजीयक को पत्र व चर्चा के दौरान दी जाती रही। सोसाइटी के पूर्व अध्यक्ष उचित सूद के पास रहवासियों द्वारा पर्याप्त फंड उपलब्ध करवाने के बाबजूद, फंड की अनुपलब्धता का उल्लेख करते हुए सोसाइटी के सभी आवश्यक रख-रखाव कार्य को रोक कर सभी रहवासियों को अपनी अपनी व्यवस्था स्वंय करने के लिए सुझाव भी दे दिया गया। कालोनीवासियों ने आपस में आवश्यक फंड इकत्रित कर अपार्टमेंट की मूलभूत सेवाएं चालू रखीं। यह कार्य कमेटी के ही 12-14 सदस्यों द्वारा पिछले दो सालों से किया जा रहा है। इसी कार्य के लिए 100 में से 99 रहवासियों ने स्वेच्छा से तथा बिना किसी दवाब के आर्थिक सहयोग भी दिया।

### दोनों प्रबंधक किसी भी पद के लिए पात्र ही नहीं

कालोनीवासियों ने आरोप लगाया है कि प्राधिकृत अधिकारी ने अस्पष्ट हस्ताक्षर युक्त 23 अक्टूबर 2025 को यह सूचित किया कि समिति के पिछली विशेष सभा में दिए गए निर्णय अनुसार समिति के सदस्य क्रमशः उचित सूद एवं सुरेन्द्र सिंह सैनी को सर्व सम्मति से संस्था का प्रभारी संस्था प्रबंधक नियुक्ति किया गया था। साथ ही सदस्यों से मासिक मेंटेनेंस शुल्क जमा लेने एवं पावती देने हेतु अधिकृत किया गया था। लोगों का कहना है कि उचित सूद और सुरेंद्र सिंग सैनी को पुराने मतदाता सूची (जिसके आधार पर चुनाव कर संचालक मंडल का गठन कया गया था) में दर्शाया गया है। जबकि वस्तुस्थिति यह है कि वे दोनों किसी भी प्रकोष्ठ के स्वामी नहीं है। इसी तरह की त्रुटिपूर्ण अन्य मतदाताओं के साथ भी है। इसलिए दोनों सदस्य और कार्यकारी समिति के किसी भी पद के लिए उम्मीदवारी की पात्रता ही नहीं रखते।

### दो सालों में नहीं सुधारी गई मतदाता सूची

उप-पंजीयक सहकारी संस्थाए के समक्ष पूर्व अध्यक्ष, संचालक मंडल के विरुद्ध की गई शिकायत की जांच रिपोर्ट भी आई तथा रिपोर्ट की अनुशंसा के अनुसार उप-पंजीयक द्वारा जी.पी. बिन्द को विनिर्दिष्ट अधिकारी नियुक्त किया गया था। इसी दौरान तत्कालीन संचालक मंडल के 7 सदस्यों द्वारा त्यागपत्र दे दिया गया। इसी कारण संचालक मंडल अस्तित्व में नहीं रहा। वर्तमान में एचएन पूरैना प्राधिकृत अधिकारी हैं। इसके बाद भी नियुक्त अधिकारियों द्वारा लगभग 2 वर्षों में त्रुटिपूर्ण मतदाता सूची को सुधारते हुए चुनाव करवाने हेतु कोई ठोस पहल नहीं की गई है। कालोनीवासियों ने कहा है कि श्री पूरैना द्वारा पिछली बैठक जो कि 26 अक्टूबर 2025 को हुई थी उसकी मिनिट्स अभी तक उपलब्ध नही कराई गई है।

**बन गई है मतदाता सूची**

मतदाता सूची बन गई है। इसे जल्द ही राज्य सहकारी निर्वाचन आयोग रायपुर और उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं बिलासपुर के पास भेज दिया जाएगा। निर्वाचन आयोग को भी जानकारी दे दी गई है। हालांकि आज की स्थिति में चुनाव होते हैं तो कई कालोनीवासी अपात्र हो जाएंगे।

\- **एचएन पूरैना**, प्राधिकृत अधिकारी

## केंद्रीय राज्य मंत्री ने संसदीय कार्यालय में किया जनदर्शन



**बिलासपुर।** आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने मुंगेली नाका स्थित संसदीय क्षेत्र कार्यालय में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना और सांगठनिक व सामाजिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। संसदीय कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के अनेक नागरिक अपनी समस्याओं, सुझावों एवं अपेक्षाओं के साथ पहुंचे। श्री साहू ने प्रत्येक विषय को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित प्रकरणों के त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण हेतु अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसरोकारों का संवेदनशील समाधान सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। इस दौरान उन्होंने मुख्य न्यायाधीश की माताजी को श्रद्धांजलि भी दी।

## संरक्षा के प्रहरियों को रेलवे महाप्रबंधक ने किया सम्मानित



**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में कार्यरत संरक्षा कोटि के 7 कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट एवं सराहनीय संरक्षा संबंधी कार्य निष्पादन के लिए महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने सम्मानित किया। बिलासपुर रेल मण्डल के ट्रैक मैंटेनर बाराद्वार हिमांशु ने 11 जनवरी को अपने ड्यूटी के दौरान सक्ती-बाराद्वार सेक्शन के बीच रात्रि में ट्रैक पैट्रोलिंग के दौरान अप लाइन में रेल फ्रेक्चर देखकर सूचना सर्वसंबंधित को दी, जिसके उपरांत आवश्यक कार्रवाई कर ट्रैक को ठीक किया गया। ट्रैक मैंटेनर नैला चन्दन कुमार ने 29 जनवरी को अपने ड्यूटी के दौरान मालगाड़ी के इंजन से तीसरा वैगन में हॉट एक्सल देखकर सूचना सर्वसंबंधित को दी, जिसके उपरांत आवश्यक कार्रवाई कर गाड़ी को सुरक्षित रवाना किया गया। चंदन कुमार की सजगता एवं सतर्कता से ट्रेन परिचालन में संरक्षा सुनिश्चित हुई।

## एसआईआर के तहत प्रारंभिक प्रकाशन के बाद वोटर लिस्ट से और कटेंगे 5 हजार नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- सुनवाई दौरान पात्र नहीं पाए गए
- 13 लाख 12 हजार में से घट जाएंगे मतदाता

एसआईआर दौरान मतदाताओं को नोटिस जारी कर सुनवाई करने के बाद कुछ और मतदाताओं के नाम कट रहें हैं। मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन में 13 लाख 12 हजार मतदाताओं की संख्या थी, जिसमें से सुनवाई बाद 5 हजार 77 मतदाता और कम हो रहे हैं।

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के मुताबिक ये 5 हजार 77 मतदाताओं को एसआईआर तहत सुनवाई के लिए नोटिस किया गया था और सुनवाई में ये लोग पात्र नहीं पाए गए हैं। इनमें से कई लोग सुनवाई दौरान निर्धारित 13 में से कोई भी दस्तावेज पेश नहीं किए, कुछ शिफ्ट हो गए और सुनवाई में उपस्थित नहीं हुए, आनलाइन फार्म भरे पर मौके पर उपस्थित नहीं पाए गए तथा प्रारंभिक प्रकाशन के बाद मृत हुए लोगों के नाम कट रहे हैं। एसआईआर अंतर्गत डोर टू डोर मतदाताओं के सत्यापन के बाद मतदाता सूची का जो प्रारंभिक प्रकाशन हुआ था, उसके अनुसार बिलासपुर जिले में 13 लाख 12 हजार 223 मतदाताओं के नाम शामिल थे, किन्तु इसमें से अब 5 हजार 77 मतदाता और कम हो जाएंगे।

### अपात्र पाए गए हैं मतदाता

एसआईआर के दौरान बहुत से मतदाताओं को नोटिस जारी किया गया था और उनके मामले में सुनवाई की गई है। लेकिन सुनवाई के बाद विभिन्न कारणों से लगभग पांच हजार मतदाता अपात्र पाए गए हैं जिनका नाम प्रारंभिक प्रकाशन में था अब वे नाम कटेंगे।

**-एस बनर्जी**
उप जिला निर्वाचन अधिकारी

### 3 लाख 63 हजार नाम पहले कट चुके

एसआईआर में बिलासपुर जिले 6 विधानसभा क्षेत्रों में 3 लाख 63 हजार से अधिक मतदाताओं के नाम प्रारंभिक प्रकाशन में ही कट चुके हैं। इनमें मृतक, शिफ्टिंग वाले तथा जिन लोगों ने दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए नो मेपिंग वाले मतदाता शामिल हैं। नो-मेपिंग श्रेणी वालों को तो नोटिस देकर सुनवाई का अवसर दिया गया और उन्हें निर्धारित दस्तावेजों में कोई एक दस्तावेज जमा करने का अवसर प्रदान किया गया था।

### 4 लाख 98 हजार 185 लोगों को नोटिस

एसआईआर अंतर्गत 3 लाख 63 हजार मतदाताओं के नाम काटे गए हैं। इनमें लगभग 1 लाख 26 सौ नो-मेपिंग वाले मतदाता थे, जिनका 2003 के मतदाता सूची से मैच नहीं हो पाया था और वे 2003 के मतदाता सूची के संबंध में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए थे। इसके अलावा कुछ ऐसे मतदाता जिनके नाम प्रारंभिक मतदाता सूची में थे, किन्तु उन्हें भी नोटिस जारी किया गया था। कुल 4 लाख 98 हजार 185 मतदाताओं के नोटिस जनरेट हुए थे, जिनकी सुनवाई की गई है।

### श्रेष्ठ को पीएचडी की उपाधि



**बिलासपुर।** डॉ.सीवी रमन विश्वविद्यालय द्वारा भौतिकी विषय में श्रेष्ठ भोंसले को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। उन्होंने सेंथिसिस एंड करेक्टराइजेशन आफ सम रेअर अर्थ सब्सटीट्यूट फेरिट्स विषय पर अपना शोध कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया। यह शोध कार्य अपने मार्गदर्शक डॉ.एमज़ेड खान के निर्देशन में पूरा किया। उन्होंने फेराइट पदार्थों के संरचनात्मक, चुंबकीय एवं विद्युत गुणों का विस्तृत अध्ययन किया। डॉ. श्रेष्ठ भोंसले ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने पिता दुष्यंत राव भोंसले, माता श्रीमती भावना भोंसले, परिवार एवं गुरुओं को दिया है।



## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में बच्ची सहित मां की मौत

**बिलासपुर।** बाइक के झटके से 6 माह की बेटी के साथ मां सड़क पर गिर गई। इसी दौरान उनके बगल से गुजर रहे ट्रक का चक्का दोनों के उपर से गुजर गया। मां बेटी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। मस्तूरी थाना प्रभारी कृष्णा साहू ने बताया, बुधवार की सुबह बोड़सरा निवासी अशोक यादव पत्नी शिवरात्रि यादव, 6 माह की बेटी कनिका यादव को लेकर बाइक से बोड़सरा लौट रहे थे। मस्तूरी नव जीवन हास्पिटल के पास सुबह 8.15 बाइक रोककर रूके थे। उसके बाद अशोक यादव ने बाइक चालू कर पत्नी बेटी को बैठाकर तेज रफ्तार में क्लच छोड़ा तो झटके से मां बेटी बाइक से सड़क में गिर गए। इसी दौरान उनके बगल से गुजर रहे ट्रक क्रमांक सीजी 08 डब्ल्यू, 1435 का पिछला चक्कर मां बेटी के ऊपर से गुजर गया। हादसे में मां बेटी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की मौत

**बिलासपुर।** सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, सीपत उज्जवल नगर निवासी बीके मंडल पिता आनंद बोरा मंडल 55 साल विगत 1 जनवरी 2026 को सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजन के द्वारा उन्हें सरकण्डा क्षेत्र के एक निजी हास्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। बुधवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### सरगना व विक्रेता महिला गिरफ्तार, 4 किलो गांजा जब्त

**बिलासपुर।** पुलिस ने गांजा विक्रेता महिला व सरगना को पकड़ लिया है। उनके पास से 3 किलो 700 ग्राम गांजा जब्त किया गया है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। कोनी टीआई भावेश शेंडे को सूचना मिली बिरकोना में एक महिला पुड़िया में गांजा बेच रही है। उन्होंने स्टाफ के साथ दबिश देकर बिरकोना निवासी प्रमिला वर्मा पति टेंगना वर्मा 32 साल को पकड़कर घर की तलाशी ली तो वहां 3 किलो 700 ग्राम गांजा मिला। पूछताछ में उसने मटियारी निवासी बलिराम यादव से खरीदकर बेचने की जानकारी दी। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने सरगना बलीराम यादव को पकड़ लिया है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत गांजा जब्त कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

### पटना एवं चर्लपल्ली स्पेशल चलेगी सात फेरे के लिए

**बिलासपुर।** पटना-चर्लपल्ली मार्ग की गाड़ियों में होने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए सात होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन पटना एवं चर्लपल्ली के मध्य सात फेरे के लिए की जा रही है। यह गाड़ी प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को पटना से 03253 नंम्बर के साथ 9 से 30 मार्च तक 7 फेरे के लिए तथा प्रत्येक बुधवार को चर्लपल्ली से 03254 नम्बर के साथ 11 मार्च से 1 अप्रैल तक 4 फेरे के लिए चलेगी। प्रत्येक शुक्रवार को चर्लपल्ली से 03255 नम्बर के साथ 13 से 27 मार्च तक 3 फेरे के लिए चलाई जाएगी। इस स्पेशल ट्रेन में 1 एसएलआर, 2 सामान्य, 4 स्लीपर, 7 एसी थ्री, 7 एसी थ्री ईकोनोमी श्रेणी सहित कुल 22 कोच रहेगी।

---

**मरीज और परिजनों को होती है असुविधा** | ई रक्तकोश में 13 में से 5 सेंटरों के ब्लड के रिकार्ड नहीं

# ब्लड बैंकों में आंकड़ों का झोल, नेशनल पोर्टल में दर्ज नहीं है रिकार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक्सीडेंटल केस, थैलीसीमिया, सिकलिंग जैसी बीमारियों के रक्त की आवश्यकता उसकी तरह है जैसे जीवन के लिए सांस। लेकिन शहर के ब्लड बैंक कैंप के माध्यम से लोगों का रक्त लेकर सरकार को बताना जरूरी नहीं समझते हैं। जिले में 13 में से 5 ब्लड बैंक के रिकार्ड नेशनल पोर्टल में दर्ज नहीं हैं। ब्लड को लेकर लंबे समय से गफलत चल रही है, लेकिन इसकी सही तरह से निगरानी करने में स्वास्थ्य विभाग नाकाम हो चुका है।

नेशनल हेल्थ मिशन और नेशनल एड्स कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन के नियमों के अनुसार ब्लड बैंकों को कलेक्टिव ब्लड की जानकारी सार्वजनिक करने का नियम बनाया गया है। इसके लिए बकायदा ई रक्तकोश में सभी ब्लड बैंक के डोमेन बनाए गए है लेकिन शहर के 13 में से 5 ब्लड बैंकों के रिकार्ड तक दर्ज नहीं है। गंभीर बात यह है कि इसमें शासकीय जिला अस्पताल भी शामिल है। ऐसे में लोगों को ब्लड लेने के लिए एक जगह से दूसरी जगहों पर भटकने की नौबत आती है। खास बात यह है कि इसकी निगरानी की जिम्मेदारी सीएमएचओ और ड्रग विभाग को दी गई है लेकिन अधिकारियों को जांच करने की फुरर्सत नहीं है। यही कारण है कि एनएचएम के पोर्टल में भी ब्लड के रिकार्ड दर्ज नहीं है।

### फ्री में उपलब्ध कराया जा सकता है ब्लड



सिम्स के वरिष्ठ काउंसर डॉ अनिल कुमार सक्सेना ने बताया कि हीमोग्लोबीनोपैथी यानी खून से जुड़ी बीमारी जिसमें हीमोफीलिया, थैलीसीमिया, सिकलसेल के मरीजों को ब्लड बैंक द्वारा निशुल्क ब्लड उपलब्ध किया जाता है है। इसके साथ ही एडस, कैंसर, एचआईवी पीड़ित के साथ ही एक्सीडेंटल केस में भी बिना एक्सचेंज के खून देने का प्रावधान है। सिम्स के ब्लड उपलब्धता का रिकार्ड नियमित तौर पर पोर्टल में उपलब्ध रहता है।

### जिला अस्पताल में भी गड़बड़ी

एनएचएम के पोर्टल में जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में उपलब्ध खून की उपलब्धता की जानकारी लंबे समय से अपडेट नहीं है। यही कारण है कि खून की आवश्यकता होने पर लोगों को जिला अस्पताल में ब्लड उपलब्धता की जानकारी नहीं मिल पा रही है। शासकीय अस्पताल होते हुए भी जिला अस्पताल द्वारा बरती जा रही लापरवाही लोगों के लिए परेशानी का सबब बन चुकी है।

### इन सेंटरों के रिकार्ड नहीं

एनएचएम के रक्त कोश पोर्टल में बिलासपुर जिले के 5 ब्लड सेंटरों ने रिकार्ड उपलब्ध नहीं कराया है। इसमें बिलासा ब्लड सेंटर, बिलासपुर ब्लड सेंटर, ब्लड बैंक रिजिनल अस्पताल, डिस्ट्रीक अस्पताल और शिफा ब्लड सेंटर शामिल है। अब विभाग के अधिकारी इन ब्लड सेंटरों में कार्रवाई की बात कह रहे हैं।

### एचबीटीसी को सूचना दी जाएगी

ब्लड की उपलब्धता की जानकारी नेशनल पोर्टल ई रक्तकोश में देना अनिवार्य है। ऐसा नहीं करने पर ब्लड जांच की जाएगी और एचबीटीसी के अधिकारियों को इसकी सूचना भेजी जाएगी।

**-भीष्म सिंह कंवर**, ड्रग कंटोलर, फूड एण्ड ड्रग विभाग

---

एमआईसी की बैठक में मामले को रख दुकानों का आबंटन रद्द किया जाएगा

# महिला समृद्धि बाजार और नूतन चौक की 23 दुकानें सील, 10 सालों से 31 लाख बकाया



**इन दुकानों को किया गया सील**

**महिला समृद्धि बाजार- दुकान नंबर** 10, 12, 14, 15, 16, 17, 21, 28, 29, 36, 48, 49, 76, 80, 82, 85, 92 **| कन्या शाला नूतन चौक- दुकान नंबर** 1, 16, 22, 23, 33

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गणेश चौक स्थित महिला समृद्धि बाजार की 13 दुकानों को निगम ने सील कर दिया है। इन दुकानदारों द्वारा पिछले 10 सालों से 22 लाख रुपए जमा नहीं किया जा रहा है। इसी तरह निगम ने नूतन चौक स्थित 10 दुकानों पर भी ताला जड़ दिया। इन दुकानों पर 5 सालों से 8 लाख 11 हजार रुपए का किराया बाकि है।

■ **दोनों जगहों पर जमकर हंगामा किया गया, कार्रवाई रोकने की कोशिश**

निगम के मुताबिक किराया राशि जमा करने के लिए दुकान संचालकों को बार-बार नोटिस जारी किया गया। इसके बावजूद दुकान संचालक ध्यान नहीं दे रहे थे इसलिए निगम ने कार्रवाई की है। इस दौरान दोनों जगहों पर जमकर हंगामा किया गया। खास तौर पर गणेश चौक में महिलाओं ने कार्रवाई रोकने की कोशिश की। निगम अधिकारियों के मुताबिक एमआईसी की बैठक में मामले को रखते हुए दुकानों का आबंटन रद्द किया जाएगा। गौरतलब है कि नेहरू नगर के गणेश चौक में स्थित महिला समृद्धि बाजार को सब्जी विक्रेताओं के लिए सुव्यवस्थित करने की योजना थी। यह योजना मुख्य रूप से महिला सब्जी विक्रेताओं को स्थायी और व्यवस्थित जगह प्रदान करने के लिए बनाई गई थी ताकि बृहस्पति बाजार की तरह ही यहाँ भी बेहतर सुविधा मिल सके। इसका किराया सिर्फ 800 रुपए रखा गया जिससे की महिलाओं पर बोझ ना पड़े। शुरूआत में महिलाओं के नाम पर दुकान का आबंटन भी किया गया था। इसके बाद लेकिन इस पर पुरुषों का कब्जा हो गया। दुकानदारों ने किराया भी देना बंद कर दिया। निगम ने दुकान सील करने के बाद शटर पर सूचना चस्पा की है। कोई भी किराएदार बिना राशि पटाए दुकान पर लगी सील को तोड़ता है तो उसके खिलाफ पुलिस में अपराध पंजीबद्ध कराया जाएगा। हालांकि बाजार विभाग की टीम ने सभी लोगों को इतना समय दिया कि वे अपने जरूरी सामान दुकान से बाहर निकाल सकें, उसके बाद सील किया।



### दूसरे लोगों को 5 और 8 हजार किराए पर दे दिया

निगम के मुताबिक महिला समृद्धि बाजार का निर्माण महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए किया गया है। महिला समृद्धि बाजार योजना में महिलाएं योजना की हितग्राही थी। महिला समितियों से जुड़ी गरीब परिवार की महिलाओं को इससे लाभ पहुंचना था। इसमें 80 वर्गफुट में तैयार 60 से ज्यादा पक्की दुकान बनाईं गईं जिन्हे महिलाओं को व्यवसाय के लिए देना था लेकिन वर्तमान में हाल यह है कि किसी भी दुकान में कोई महिलाएं नजर नहीं आती और पुरुषों का कब्जा हो गया है। यही नहीं दुकानों को 5 से लेकर 8 हजार तक उप किराएदारी पर चढ़ा दिया गया है। महिलाएं उपकिराएदारी से तो पैसा कमा रहीं लेकिन निगम को 800 रुपए भी नहीं दिया जा रहा है।

### गैराज, प्रिंटर्स, कंप्यूटर, कैटरर्स जैसी महंगी दुकानें

महिला समृद्धि बाजार में गरीब परिवार की महिलाओं को व्यवसाय करना था, लेकिन इस बाजार में गैराज, प्रिंटर्स, कंप्यूटर, कैटरर्स, सेकंड हैंड गाड़ी, साथ ही गैस गोडाउन जैसी महंगी दुकानें खुली हुई है। इससे यह बिल्कुल स्पष्ट हो रहा है कि जिस उद्देश्य से इस समृद्धि बाजार का निर्माण किया गया था वह पूरा नहीं हो रहा है। खास बात है कि नोटिस संबंधित दुकानों में भेजा गया था, लेकिन यहां दुकान संचालित करने वालों ने बताया कि उन्होंने दूसरे व्यक्ति से दुकान किराये पर ली है। इसके बाद निगम ने जब दुकानों के एलाटमेंट की फाइल खोली तो दुकानों के मालिकों के नाम और पित व पिता के नाम थे, लेकिन उनका पता और संपर्क नंबर तक नहीं था। दुकानों के बाहर नगर निगम अधिकारियों ने नोटिस चस्पा कराया था। इसके बाद नगर निगम अधिकारियों ने नोटिस तामिली करने का गणेश चौक स्थित महिला समृद्धि बाजार में पंचनामा कराया गया।

---

# ट्रांसफार्मर का केबल जला सुबह से बंद रही बिजली, 6 घंटे बाद सप्लाई नार्मल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गर्मी की दस्तक के साथ ही बिजली लगातार जवाब दे रही है, बुधवार की सुबह 6.30 बजे कुदुडंड में बिजली बंद रही। माताचौरा स्थित ट्रांसफार्मर के केबल में अचानक आग लगने के कारण बिजली सप्लाई ठप रही, लेकिन बिजली विभाग को सूचना देने के बाद भी सप्लाई शुरू होने में 6 घंटे लग गए।

■ **कुदुडंड के माताचौरा स्थित ट्रांसफार्मर की घटना**

ठंड की विदाई के बाद अब गर्मी ने दस्तक दे दी है। ऐसे में 4 माह से बंद पंखे और एसी अब शुरू हो चुके हैं। जाहिर है इसका असर ट्रांसफार्मर में दिखाने लगा है। सिटी सर्किल में रोजाना बिजली बंद होने की घटना सामने आ रही है। बुधवार को कुदुडंड के माताचौरा स्थित ट्रांसफार्मर का केबल जल गया। सुबह 6.30 बजे से बिजली बंद रही, इस दौरान कई घरों में पीने का पानी तक पहुंचा। लोगों से सुबह 8 बजे के करीब बिजली विभाग को इसकी जानकारी दी, लेकिन दोपहर के 1 बजे तक बिजली सप्लाई नार्मल नहीं हो सकी। बताया जा रहा है कि 11 बजे के बाद सुधार के लिए पहुंचे कर्मचारियों को मरम्मत कार्य में 2 घंटे का समय लग गया, जिसके चलते बिजली उपभोक्ताओं को खासी मुसीबत झेलनी पड़ी।

### यहां भी रही बिजली बंद

बताया जा रहा है कि 11केवी सीएमडी कालेज फीडर में मरम्मत कार्य के लिए बिजली बंद किया गया था। सुबह 11 से 12.30 बजे तक शेड्यूल लेकर मरम्मत कार्य कराया गया। इस दौरान विद्या नगर, सीएमडी चौक और अपोलो फार्मेसी जैसे जगहों पर बिजली बंद रही। साथ ही करबला रोड, बीजेपी कार्यालय, कुम्हारपारा स्कूल के आसपास भी बिजली दोपहर को आती-जाती रही है।

---

# दो भाइयों के साथ मारपीट कर ईंट से सिर फोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुरानी रंजिश दो बाइक में सवार पांच युवकों ने पीछा कर स्कूटी सवार दो भाइयों को टक्कर मारकर गिरा दिया। उसके बाद बेरहमी से मारपीट कर ईंट से हमला कर सिर फोड़ दिया है। थाने जाने पर घायल दोनों भाईयों को मुलाहिजा कराया गया। उसके बाद बिना रिपोर्ट लिखाए लिखित शिकायत लेकर चलता कर दिया गया है।

■ **पुलिस ने शिकायत लेकर चलता किया**

चकरभाठा निवासी अविनाश शर्मा ने बताया, पिछले कुछ दिनों से वह अपने मौसी के घर में रह रहे है। मंगलवार की रात 9 बजे वह मौसेरे भाई शिवांश तिवारी के साथ स्कूटी से अपने घर जा रहे थे। नेहरू चौक से जबड़ापारा निवासी युग मिश्रा अपने चार साथियों के साथ बुलेट व एक अन्य बाइक में गाली गलौज करते हुए पीछा करने लगे। राजेन्द्र चौक में स्कूटी को टक्कर दी। जिससे दोनों भाई स्कूटी सहित गिर गए। उसके बाद युवकों ने दोनों भाईयों के साथ हाथ मुक्का बेल्ट से बेरहमीपूर्वक मारपीट करते हुए ईंट से हमला कर अविनाश का सिर फोड़ दिया। वहीं शिवांश तिवारी के साथ मारपीट करते हुए गले से सोने की चेन लूटकर भाग गए। दोनों भाई ने सिविल लाइन थाना जाकर टीआई एसआर साहू को घटना की जानकारी दी।

दोनों भाईयों को अस्पताल भेजकर मुलाहिजा कराया गया। उसके बाद बिना रिपोर्ट लिखे मामले की लिखित शिकायत लेकर थाने से चलता कर दिया गया है। इधर दूसरे पक्ष के युग मिश्रा के घरवाले थाने पहुंच गए और पीड़ित दोनों भाईयों पर पूर्व में हुए विवाद में समझौता नहीं करने पर मारपीट करने का आरोप लगाकर हंगामा मचाने लगे।

### दोनों पक्षों ने शिकायत की है

दोनों पक्षों ने एक दूसरे के साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत की है। दोनों की शिकायत पर जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**-एसआर साहू** सिविल लाइन टीआई

---

# जेल में बंद 3 आरोपियों को पुलिस ने रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



ट्रक ड्राइवर से मारपीट कर लूटपाट के मामले में जेल में बंद 3 तीन आरोपियों को रिमांड में लेने के बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर फिर से जेल भेज दिया है।

हिर्री टीआई रविशंकर तिवारी ने बताया, 1 मार्च 2025 को पेंड्रीडीह चौक राज ढाबा के पास ट्रक चालक से मारपीट कर मोबाइल, 7 हजार रुपए लूट लिया गया था। पिछले दिनों कोनी पुलिस ने ट्रक ड्राइवर से मारपीट कर खलासी की चाकू मारकर हत्या के मामले में सिरगिट्टी निवासी जय दिवाकर उर्फ छोटू पिता बबला दिवाकर 20 साल, सूरज साहू पिता सूरेश साहू 20 साल, प्रदीप धुरी पिता परसराम धुरी 19 साल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। उक्त तीनों युवकों ने पेंड्रीडीह चौक में ट्रक ड्राइवर से लूटपाट करना स्वीकर कर किया था। उक्त मामले में हिर्री पुलिस ने कोर्ट से प्रोडक्शन रिमांड लेकर जेल से तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ करने के बाद बुधवार को उक्त मामले में गिरफ्तार कर फिर से जेल भेज दिया गया है।

---

# घंटों इंतजार करते रहे परिजन, शव वाहन नहीं पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



सिम्स में एक बार फिर असंवेदनशीलता दिखाई दी, जहां नवजात की मौत के बाद पिता को घंटों शव वाहन का इंतजार करना पड़ा। वहीं वाहन नहीं मिलने पर पिता ने नवजात को गोदी में रख बाइक से अंतिम संस्कार के लिए ले जाने के लिए मजबूर होना पड़ा।



मामला सिम्स मेडिकल कालेज का है। बिलाईगढ़ के देवरगढ़ निवासी बीनू मारकंडेय अपनी पत्नी शीला मारकंडेय को सिम्स में प्रसव पीड़ा के बाद 17 फरवरी को भर्ती कराया गया। इस दौरान नार्मल डिलीवरी के लिए जदोजहद में नवजात की मौत हो गई। जिससे मरच्यूरी में रख दिया गया। इस दौरान अपने गृहग्राम ले जाने के लिए बीनू को शव वाहन की जरूरत थी, इसलिए शववाहन संचालक को बार-बार फोन करता रहा। संचालक ने बताया कि शासकीय अनुदान से प्राप्त 4 शव वाहनों में 3 वाहन खराब है। ऐसे में एक शव वाहन ही उपलब्ध है लेकिन यह भी शहर के अन्य जगहों पर चल रही है। ऐसे में इंतजार करना होगा। बताया जा रहा है कि बीनू ने करीब 4 घंटे तक शव वाहन का इंतजार किया लेकिन वाहन नहीं पहुंचने पर बाइक के सहारे नवजात को अपने गांव ले जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस हृदयविदारक घटना के बाद सिम्स में चल रहे शव वाहनों के रखरखाव और मेंटनेंस पर भी सवाल उठने लगा है। शासकीय अनुदान से प्राप्त शव वाहनों का हाल बेहाल है।

---

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# अंदरूनी चोट ने ली चार कछुओं की जान

**बिलासपुर।** रतनपुर के मां महामाया मंदिर के कुंड में मिले चार कछुओं की मौत का कारण अंदरूनी चोट को बताया गया है, जिसकी रिपोर्ट मिलने के बाद वन विभाग की टीम ने जांच शुरु कर दी है।

बिलासपुर वन मंडल के रतनपुर वन परिक्षेत्र में आने वाले रतनपुर मां महामाया मंदिर के कुंड में एक साथ चार कछुओं की मौत हो गई थी। चार कछुओं को मृत अवस्था में देखकर मौके पर हड़कंप मच गया। रतनपुर मंदिर प्रबंधन ने इसकी सूचना वन परिक्षेत्र के अधिकारियों और कर्मचारियों को दी। सूचना मिलने के बाद बिलासपुर वन मंडल के वन मंडलाधिकारी नीरज कुमार के निर्देश पर रेंजर और स्टाफ तत्काल मौके पर पहुंचे, जहां कुंड से मरे हुए कछुओं को बाहर निकाला गया। कछुओं को निकालने के बाद कानन पेण्डारी जू रेस्क्यू हास्पिटल के वन्यप्राणी चिकित्सक डॉ. पीके चंदन ने रतनपुर में पहुंचकर पोस्टमार्टम किया, जिसके बाद मृत कछुओं को रेंज कार्यालय ले जाया गया। पिछले वर्ष यानि 9 माह पहले अप्रैल माह में भी रतनपुर के कुंड में एक साथ 30 से अधिक कछुए मृत अवस्था में मिले थे, जो जाल में फंसे हुए थे। यह मामला कुछ दिनों तक चला, लेकिन बाद में यह ठंडे बस्ते में चला गया। चार दिन के बाद कानन पेण्डारी जू के चिकित्सक ने अपनी रिपोर्ट बिलासपुर वन मंडल को सौंप दी। इस रिपोर्ट के अनुसार कुंड में मिले मृत कछुओं की मौत का कारण अंदरूनी चोट बताया गया है। डॉक्टर की रिपोर्ट मिलने के बाद रतनपुर वन परिक्षेत्र के रेंजर और स्टाफ ने अपनी जांच शुरु कर दी है।

### चोट की जानकारी नहीं

डॉक्टर की रिपोर्ट में कछुओं के मौत की जानकारी अंदरूनी चोट के कारण बताई गई है। संभवतः कुंड के अंदर उनका आपस में द्वंद हुआ होगा, जिसकी वजह से उन्हें चोट पहुंची। वहीं चोट किस कारण से लगी यह जानकारी नहीं है। रिपोर्ट के बाद जांच शुरु करते हुए सीसी टीवी फुटेज चेक करने के अलावा पूछताछ भी शुरु कर दी गई है।

**-देवसिंह ठाकुर**
रेंजर, रतनपुर वन परिक्षेत्र

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
18 मार्च, 08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411